● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 155, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 15 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या पहुंचे छत्तीसगढ़ सीएम 5

रिकी पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स का कोच पद छोड़ा 6

## शिक्षा की नींव मजबूत होना आवश्यक : शाह

### प्रदेश में एक साथ 55 कॉलेजों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का वर्चुअल शुभारंभ



**भोपाल।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में हर क्षेत्र में अव्वल रखने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए शिक्षा की नींव मज़बूत होना आवश्यक है। इसी दिशा में वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति का आग़ाज़ किया गया। इसमें क्वॉन्टिटी नहीं क्वालिटी, ऑर्थोडॉक्सि के बदले आउट ऑफ़ बॉक्स को सार मानते हुए नीति निर्माण किया गया। ये गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश में इस नीति को देश में सबसे पहले लागू किया। यह भविष्य के 25 सालों में देश के विद्यार्थियों को विश्व के विद्यार्थियों से स्पर्धा योग्य बनाएगी। यह भी गर्व करने की बात है कि मध्यप्रदेश ने इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा को अपनी मातृ भाषा में पठन-पाठन का अवसर यहाँ के विद्यार्थियों को मुहैया कराया है। उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों को प्लेटफार्म देखकर समान अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के सभी तयशुदा मानदंडों की पूर्ति संबंधी जानकारी ली थी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के सुप्रतिष्ठित संस्थानों के रूप में देश में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने में समर्थ होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि इन एक्सीलेंस कालेजों की विशेषता यह है कि इनमें नई शिक्षा नीति के अनुरूप सभी कोर्स उपलब्ध होंगे और ये कालेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। इनसे युवा पीढ़ी को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के ज़रिए विद्यार्थियों को कागज़ी शिक्षा नहीं वरन् जीवन में बदलाव के लिए ज़रूरी व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया है। ये प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस युवाओं के जीवन की दिशा तय करेंगे। श्री शाह के हाथों इन कॉलेजों का शुभारंभ वो भी मालवा की धरती से होना प्रसन्नता और गर्व की बात है। भगवान कृष्ण ने भी मालवा की भूमि में रह कर 64 कलाओं, 18 पुराणों 14 विद्याओं और चार वेदों की शिक्षा दीक्षा प्राप्त की है। छह माह से भी कम समय में इन कॉलेजों का विधिवत शुभारंभ होना सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। उन्होंने सभी 55 कॉलेजों में शुरू किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों और लगभग 450 करोड़ रुपयों की लागत से किए गए विकास कार्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने प्रदेश के सभी प्रधानमंत्री कालेज ऑफ़ एक्सीलेंस में संचालित पाठ्यक्रमों,उपलब्ध संसाधनों,संकायों के संचालन के लिए मानव संसाधन और यहाँ विकसित किए जा रहे विद्वानों के बारे में जानकारी दी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, आईजी श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता, कलेक्टर श्री आशीष सिंह और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## अति आत्मविश्वास की वजह से पहुंची चुनाव में चोट: योगी



**लखनऊ।** भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक आज लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के अंबेडकर सभागार में हुई। बैठक में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के शीर्ष नेता इस बैठक में आए।

इस मौके पर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विरोधी साजिश करने में सफल रहे। इन्हें हमने 2019 में नाकाम किया था। हमें सोशल मीडिया पर नजर रखनी होगी। हम अपनी उपलब्धियों को मुद्दा नहीं बना पाए। साथ ही बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको किसी भी स्थिति में बैकफुट में आने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आप लोगों ने ये साबित किया है। वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास की वजह से कहीं न कहीं चोट जरूर पहुंची है लेकिन आप लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में सफलता हासिल करके दिखाया है।

योगी ने संबोधन में आगे कहा कि हमने अपने कार्यकर्ताओं की मदद से यूपी को माफिया मुक्त किया है। प्रदेस में सुरक्षित माहौल है। हमने 500 साल बाद राम मंदिर का निर्माण किया। पहले मोहर्रम में ताजिया के नाम पर घरों को तोड़ा जाता था, लेकिन अब किसी की मनमानी नहीं चलती। देश संकट में हैं। हमने जाति और मजहब के नाम पर कोई भेदभाव नहीं किया।न

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा आज की भी पार्टी है और भविष्य की पार्टी भी। हमको ये बात समझनी चाहिए कि हमारे कंधों पर जो जिम्मेवारी मौसमी नहीं है। यह जिम्मेवारी सदैव और निरंतर हमारे कंधों पर है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार हमको समर्थन दिया है तो इसका मतलब यह है कि उसने एक विशेष कार्य के लिए यह जनादेश दिया है। हम पूरे भारत में राजनीति करते हैं। देश का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां भाजपा की उपस्थित ना हो। भाजपा की इस स्थित में अपने कार्यकर्ताओं के दम पर यहां पहुंची है।

## कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकी मार गिराए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के पास सुरक्षाबलों ने रविवार को 3 आतंकियों को मार गिराया। तीनों लाइन ऑफ कंट्रोल से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनके पास से पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। तीनों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। मामले में जांच जारी है। अभी भी एनकाउंटर जारी है।

इससे पहले 22 जून को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया था। घटना गोहलन इलाके में हुई थी।

वहीं, 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए। 19 जून को ही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हकीम-उद-दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हमला करने में आतंकियों की मदद की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 6000 रुपए में आतंकियों को पनाह दी थी। आतंकियों को खाना मुहैया कराने के साथ घटनास्थल तक पहुंचने का रास्ता भी बताया था। इस हमले में 9 श्रद्धालु मारे गए थे, जबकि 40 घायल हुए थे। रियासी हमले की जांच एनआईए को सौंपी गई। 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई स्त्रडुक्रदर्ज की गई। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की।

## ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर की ऑडी जब्त

**पुणे।** महाराष्ट्र की पुणे पुलिस ने रविवार (14 जुलाई) को ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर की ऑडी कार जब्त कर ली है। पूजा पुणे में असिस्टेंट कलेक्टर के तौर पर पोस्टिंग के दौरान लग्जरी कार पर अवैध तरीके से लाल-नीली बत्ती लगाकर घूमने के बाद विवादों में आई थीं। उनके दबंग रवैये और मनमानी की भी काफी चर्चा है। ऑडी कार एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

## अमेरिका में ट्रम्प पर फायरिंग, एफबीआई बोली-मारने की साजिश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर फायरिंग हुई है। उनके दाएं कान पर गोली लगी है, लेकिन वो सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है।

घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे की है। तब अमेरिका में शनिवार के शाम करीब 6.30 बज रहे थे। ट्रम्प अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य के बटलर शहर में चुनावी रैली कर रहे थे।

ट्रम्प मंच पर आए उन्होंने बोलना शुरू किया- 'टेक अ लुक एट वॉट हैपंड' और फायरिंग की




आवाज आनी शुरू हुई। चीख-पुकार मचती है, ट्रम्प चौंकते हुए दायां हाथ कान पर रखते हैं और झुक जाते हैं। इस बीच सुरक्षा गार्ड घेरा बना लेते हैं। ट्रम्प खड़े होते हैं, कान और खून से सने चेहरे के साथ दाईं मुट्ठी भींचते हुए कुछ कहने की कोशिश करते हैं। फिर गार्ड उन्हें घेरे में लेते हुए कार में लेकर निकल जाते हैं।

गोलीबारी में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हुई है। 2 गंभीर रूप से घायल हुए। पेंसिल्वेनिया पुलिस ने बताया कि ट्रम्प पर करीब 400 फीट दूर मौजूद इमारत की छत से फायरिंग की गई। एआर-15 राइफल से 8 राउंड गोलियां चलाई गईं। पहले राउंड में 3 और दूसरे राउंड में 5 गोलियां चलीं। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध शूटर मारा गया है। उसकी उम्र 20 साल थी, वो ट्रम्प की ही रिपब्लिकन पार्टी का समर्थक था। अब तक हमले के मकसद की जानकारी नहीं है।

## बिहार में 7 नदियां उफान पर

**नई दिल्ली।** नेपाल से सटे बिहार और यूपी के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बिहार के बगहा में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। राज्य की 7 नदियां (घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी) खतरे के निशान से ऊपर हैं। यहां पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है। उधर, यूपी में सबसे ज्यादा खराब स्थिति पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर की है। यहां 20 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

## इंडिया ने 4-1 से जीती टी-20 सीरीज



**हरारे।** टीम इंडिया ने रविवार को हरारे के मैदान पर खेले गए 5वें टी-20 में भी जिम्बाब्वे को हरा दिया। साथ ही 5 मैचों की टी-20 सीरीज को 4-1 से जीत लिया।

5वें टी-20 में जिम्बाब्वे ने टॉस जीता और भारत को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। कप्तान सिकंदर रजा का फैसला पावरप्ले तक सही साबित हुआ। पावरप्ले में इंडिया ने कप्तान शुभमन, ओपनर यशस्वी और अभिषेक शर्मा के विकेट खो दिए थे। स्कोर था सिर्फ 46 रन। इसके बाद संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई और रियान पराग के साथ 65 रन की साझेदारी की। शिवम दुबे ने डेथ ओवर्स में चौके-छक्के लगाकर टीम का स्कोर 167 रन तक पहुंचाया। 168 रन चेज कर रही जिम्बाब्वे को मुकेश कुमार और शिवम दुबे ने परेशानी में डाला। मुकेश ने पावरप्ले में 2 और 19वें ओवर में 2 विकेट लिया। शिवम दुबे ने मिडिल ओवर्स में किफायती गेंदबाजी की और 2 विकेट भी लिए। जिम्बाब्वे की टीम 18.3 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई।

## आम बजट से पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

### कॉरपोरेट टैक्स कटौती को लेकर सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट टैक्स में की गई कटौती को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार का घेराव किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि टैक्स में कटौती से अरबपतियों की जेब में दो लाख करोड़ रुपये चले गए। जबकि मिडिल क्लास आज भी कर और महंगाई के बोझ से दबा हुआ है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के एक दिन बाद कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला।

कांग्रेस की ओर से कहा गया कि सीबीडीटी की रिपोर्ट में 11 जुलाई 2024 तक कुल टैक्स कलेक्शन 5,74,357 करोड़ रुपये



दिखाया गया है। इसमें रिफंड निकालने के बाद कॉरपोरेट टैक्स 2,10,274 करोड़ रुपये और पर्सनल आयकर के रूप में 3,46,036 करोड़ रुपये सरकार को मिले हैं। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 23 जुलाई को बजट आना है। इस दौरान टैक्स कलेक्शन का डाटा जारी किया गया है। इसके मुताबिक एक अप्रैल से एक जुलाई 2024 तक व्यक्तिगत आयकर 3.61 लाख करोड़ रुपये और कॉरपोरेट कर संग्रह 2.65 लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि टैक्स कलेक्शन में पर्सनल इनकम टैक्स की हिस्सेदारी 28 फीसदी हो गई है। जयराम रमेश ने कहा कि केंद्र सरकार ने 20 सितंबर 2019 को कॉरपोरेट टैक्स में कटौती करते हुए दावा किया था कि इससे निवेश में इजाफा होगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बजाया निवेश यूपीए के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी के 35 फीसदी से घटकर 2014-24 तक 29 फीसदी से भी नीचे आ गया है। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेंगी।

## 46 साल बाद खुला जगन्नाथ मंदिर का खजाना

**पुरी।** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का खजाना रविवार (14 जुलाई) दोपहर 1:28 बजे खोला गया। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि,एएसआई के अधिकारी, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि और 4 सेवादारों समेत 11 लोग मौजूद रहे। पुरी मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी ने बताया कि आउटर रत्न भंडार का सामान लकड़ी के 6 बक्सों में शिफ्ट करके सील कर दिया गया है, लेकिन इनर रत्न भंडार का सामान शिफ्ट नहीं किया जा सका। अब यह काम बहुडा यात्रा और सुना वेशा के बाद किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष जस्टिस, रथ के मुताबिक दोनों रत्न भंडार के दोनों हिस्सों में नए ताले लगा दिए गए हैं। यहां से मिले कीमती सामानों की डिजिटल लिस्टिंग की जाएगी, जिसमें उनके वजन और निर्माण जैसी डिटेल होंगी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सुपरिंटेंडेंट डीबी गडनायक ने कहा कि मरम्मत के लिए रत्न भंडार का सर्वे होगा। उधर, रत्न भंडार का दूसरा दरवाजा खुलते ही एसपी पिनाक मिश्रा बेहोश हो गए, हालांकि इसका कारण पता नहीं चल सका। बाद में मंदिर परिसर में ही उनका इलाज किया गया।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला

**जिरीबाम।** मणिपुर के जिरीबाम में सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने रविवार (14 जुलाई) को हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस का एक अधिकारी भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मोंगबुंग में कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाके से गोलीबारी की। गोली सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा के सिर पर लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोंगबुंग में गोलीबारी शनिवार देर रात से ही शुरू हो गई थी। रविवार सुबह सीआरपीएफ और पुलिस ने उग्रवादियों पर जवाबी कार्रवाई की। इसमें उग्रवादियों को कितना नुकसान पहुंचा, अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

## पीएम मोदी ने सोशल मीडिया की दुनिया में रचा नया कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया की दुनिया में नया कीर्तिमान रच दिया है। वह एक्स हैंडल पर 100 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले लीडर बन गए हैं।

एक्स पर विभिन्न भारतीय राजनेताओं की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी फॉलोअर्स के मामले में सबसे आगे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 26.4 मिलियन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 27.5 मिलियन, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के 19.9 मिलियन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 7.4 मिलियन फॉलोअर हैं।

राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 6.3 मिलियन, तेजस्वी यादव के 5.2 और शरद पवार के 2.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 38.1 मिलियन, दुबई के शासक एचएच शेख मोहम्मद 11.2 मिलियन और पोप फ्रांसिस 18.5 मिलियन फॉलोअर्स सहित वर्ल्ड के लीडर्स से आगे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या कुछ एथलीटों जैसे विराट कोहली 64.1 मिलियन, ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर 63.6 मिलियन और यूएस बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स 52.9 मिलियन से अधिक है। वहीं, मशहूर हस्तियां टेलर स्विफ्ट 95.3 मिलियन, लेडी गागा 83.1 मिलियन और किम कार्दशियन 75.2 मिलियन फॉलोअर्स से भी भारतीय पीएम आगे हैं।

## हरियाली में सिरमौर बना इंदौर, पौधा रोपण में विश्व रिकार्ड

**इंदौर।** स्वच्छता में सात बार से देश में सिरमौर बन रहे इंदौर ने आखिरकार एक दिन में सर्वाधिक पौधे रोपने का विश्व रिकॉर्ड भी बना लिया। इंदौर की रेवती रेंज टेकरी पर रविवार को यह रिकॉर्ड बना। इसमें सहभागी बनने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खासतौर से इंदौर आए थे। उन्होंने अपनी मां कुसुमबेन की याद में पौधा रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मेयर पुष्य मित्र भार्गव और नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को गिनीज बुक की ओर से विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तीनों नेताओं ने शहरवासियों को इस रिकॉर्ड के लिए बधाई दी है।

रेवती पर्वत पर पौधारोपण के विश्व रिकॉर्ड को जांचने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम आई थी। 300 से ज्यादा लोगों



की टीम ने पौधों की गिनती की। टीम का नेतृत्व कर रहे निश्चय ने बताया कि इंदौर में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। वास्तविक आंकड़ा ऑडिट के बाद बताया जाएगा।

रविवार सुबह छह बजे से बीएसएफ की रेवती फायरिंग रेंज में स्थित टेकरी पर 11 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू हुआ था। सूर्योदय के बाद शंखनाद के साथ इंदौरवासी टेकरी पर पौधे लगाने के लिए उमड़ पड़े। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद अफसरों के साथ पौधे लगाए। इसके बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने पौधे रोपे।

बारिश के कारण आयोजन स्थल पर थोड़ा कीचड़ भी हो गया था, लेकिन लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। सुबह साढ़े दस बजे तक टेकरी पर चार लाख से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके थे।

शाम चार बजे इंदौरवासियों ने असम में पिछले साल लगाए गए 9.26 लाख पौधों के विश्व रिकॉर्ड को पछाड़ दिया। साढ़े पांच बजे तक इंदौर में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगा दिए गए थे। यह सिलसिला शाम छह बजे तक चला। इसके साथ ही जश्न का दौर शुरू हो गया। मंत्री विजयवर्गीय और मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने नाचकर खुशी जताई।

रेवती रेंज पर शनिवार शाम छह बजे से खड्डे खोदने के काम शुरू हो गया था। लेकिन इसी बीच, रात आठ बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे थोड़ी देर के लिए काम प्रभावित हुआ, लेकिन बारिश रुकते ही बीएसएफ के जवानों ने कमान संभाल ली और गड्ढे खोदे गए। कलेक्टर आशीष सिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा ने गेती चलाकर खड्डे खोदे। यह काम रविवार सुबह छह बजे तक चलता रहा।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें भाग लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खासतौर से इंदौर आए थे। उन्होंने अपनी मां कुसुमबेन की स्मृति में पीपल का पौधा रोपा।

गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक, असम के उदलगुड़ी जिले में गत वर्ष 13 और 14 सितंबर के बीच 24 घंटे में 9 लाख 26 हजार पौधे लगाए गए थे। इस रिकॉर्ड को इंदौर में 14 जुलाई 2024 को 11 लाख से ज्यादा पौधे रोप कर तोड़ दिया गया।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया शुभारंभ

## प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअली हुआ शुभारंभ

### विद्यार्थियों को आधुनिक व रोजगारोंन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा मिलेगी : राधा सिंह



**सिंगरौली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 55 जिलों में संचालित होने वाले प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। सिंगरौली जिले के शासकीय राजनारायण स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैढ़न का प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में शुभारंभ हुआ। शासकीय शासकीय राजनारायण स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैढ़न में शुभारंभ अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षा के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आधुनिक व रोजगारोंन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा विद्यार्थियों को दी जायेगी। जिस छात्र छात्राएं आत्मनिर्भर बनेगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आईआईटी के सहयोग से कोर्स संचालित होंगे तथा अन्य सभी शैक्षणिक संसाधन भी उपलब्ध होंगे जिसका लाभ युवा पीढ़ी को मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। संस्कारित होने से संवेदनशीलता व विनम्रता आती है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण रोजगारोंन्मुखी शिक्षा से युवाओं को रोजगार देने वाले संस्थान स्वयं ही महाविद्यालय में आकर रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प से देश व प्रदेश में मजबूत अधोसंरचना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना का विकास नई पीढ़ी के लिए सौगात है। नई शिक्षा नीति युवाओं के लिए उन्नति के सभी मार्ग खोलने का सशक्त माध्यम बनेगी। अपने उद्बोधन के दौरान राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने महाविद्यालय एक छात्र एवं छात्रा से भी महाविद्यालय में और आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। वही जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि कालेज के विकास के जो आवश्यकताएं है उनको पूर्ण करने की कार्यवाही करे। साथ ही छात्रा को उच्च परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए कोचिंग भी कराई जाये।

कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस हो जाने से यहां अब यह पर आर्ट व वाणिज्य संकाय में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी इस कालेज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। तथा कहा कि जिन दान दाता के द्वारा महाविद्यालय के लिए भूमि दान की गई थी उनका भी नाम महाविद्यालय के पटल पर अंकित किया जाये।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा शिक्षा के स्तर को गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए महाविद्यालय को मॉडल रूप का दर्जा प्रदान किया गया है। निश्चित ही महाविद्यालय में छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त अपना भविष्य सवारेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामना देते हुये मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य एम.यू सिद्दीकी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आश्वस्त किया की प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के तौर पर उन्नयित हो रहे महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दिये जाने का पूरे मनोयोग से प्रयास होगा।

राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने फीता काटकर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। तथा महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मिलने वाली बस सेवा का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह,नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी सुन्दर लाल शाह, आशा अरूण यादव,संदीप चौबे, पार्षद संतोष शाह,आशीष बैस, अरविंद दुबे, निखिल बर्मा, संजीव शाह, एसडीएम सृजन बर्मा, तहसीलदार प्रीति सिकरवार, कार्यपालन यंत्री बी.के चौरसिया, प्रदीप चढार सहित महाविद्यालय के प्रध्यापक गण, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# रात में घर में घुसकर चाकूबाजी कर लूट करने वाले 3 शातिर लुटेरो को 24 घंटे के अन्दर जयंत पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, जिला सिंगरौली, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत अभिषेक पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर मारपीट कर लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।

मिली जानकारी के अनुसार सकरी पुलिया जयंत निवासी सदानंद द्वारा 13 जुलाई को चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.07.2024 को खाना खाकर सो गया था, रात करीब 12.30 बजे दो लड़के मुंह पर कपडा बांधकर आये और मेरे साथ मारपीट करने लगे, दोनो लड़के हाथ में चाकू लिये थे, तथा पैसे मॉगने लगे एवं पैसे न देने पर मुझे जान से मारने की धमकी देने लगे तब मैं अपनी जान बचाने के लिए बक्सा में रखा करीब 40000 रूपये निकालकर दे दिया फिर तीनो लोग मुझे कमरे में हाथ पैर बांधकर बाहर से दरवाजा बंद कर पैसा और मोबाइल लेकर भाग गये है।आरोपियों के पता तलाश हेतु एक टीम गठित कर रवाना किया गया, जो सूचना मिली थी कि तीनो लोगो को चंदौली दारू भट्ठी की तरफ जाते देखा गया है, तब सूचना की तसदीक हेतु चंदौली दारू भट्ठी की तरफ टीम के साथ रवाना हुआ जो चंदौली दारू भट्ठी के पास में झाडियों में बैठे पाये गये, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हे घेराबंदी कर पकडा जिनसे उनका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम प्रकाश साकेत उर्फ ददू पिता राजेन्द्र साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी प्रेमनगर जैतपुर चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिगरौली मो परवेज पिता मो आजाद उम्र 21 वर्ष निवासी चर्च बस्ती के पास जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली सोनू कुमार सिंह पिता रामसुन्दर सिंह उम्र-20 वर्ष निवासी दुधमनिया थाना चितरंगी हाल-जैतपुर किराये का मकान चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली का होना बताये, तसदीक हेतु चौकी लेकर आये, पूछ-ताछ किये जाने पर तीनों आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया तथा तीनो आरोपियों का कथन लिये गये। जो अपने कथन में घटना में प्रयुक्त आलाजरब, सामाग्री एवं नगदी रूपये, को अपने-अपने घर से निकालकर बरामद कर आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध घटित करना प्रमाणित पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही मे चौकी प्रभारी जयंत उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि अशोक शर्मा, सउनि श्यामबिहारी द्विवेदी, उत्तम सिंह, रवि गोस्वामी, प्रआर विष्णु रावत, सतीश मिश्रा, बीरेन्द्र पटेल, सुनील मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, आर महेश पटेल, अशोक यादव, सुरेन्द्र यादव, दीपक यादव, जीवन सिह, सै कुन्जबिहारी सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति की आयोजित हुई मासिक बैठक

**सिंगरौली।** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति, योगासन स्पोर्ट्स जिला सिंगरौली की मासिक बैठक डॉ आरडी पाण्डेय जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास एवम अध्यक्ष जिला योगासन स्पोर्ट्स एशोसिएशन के प्रमुख उपस्थिती में सम्पन्न हुई। जिसमें जिले में योग की कक्षा की बढ़ोत्तरी,25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाने एवम योगासन स्पोर्ट्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के साथ अन्य विषयों पर उपस्थित पदाधिकारियों एवम सदस्यों से व्यापक चर्चा किया गया।साथ हि सभी पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने अपने -अपने योग कक्षा की बृद्धि,सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर अति शीघ्र लगाने एवम योगासन स्पोर्ट्स के आगामी प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों को सम्मिलित करने हेतु कहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय योग जजेज स्वप्निल श्रीवास्तव,भारत स्वाभिमान के सह प्रभारी व योगासन स्पोर्ट्स के सचिव गजमोचन सिंह,पतंजलि योग समिति के प्रभारी व योगासन स्पोर्ट्स के कोषाध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, योगासन स्पोर्ट्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड.रणजीत सिंहजी,युवा भारत के संरक्षक जितेन्द्र सिंह,पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी व योगासन स्पोर्ट्स के सदस्य गोपाल दास दुबे, जिला योग विस्तारिका एवम योगासन स्पोर्ट्स की सदस्य पुष्पलता सिंहजी,योगासन स्पोर्ट्स की सदस्य व कोच आकांक्षा पाठकजी,भारत स्वाभिमान के जिला मीडिया प्रभारी व जिला योग समिति के ब्लॉक सिंगरौली अध्यक्ष अजय द्विवेदी,तहसील प्रभारी अमर सिंह,भारत स्वाभिमान के सक्रिय सदस्य हरिओम पाण्डेयजी,बलजीत सिंहजी उपस्थित रहे।

# असंगठित कार्डधारियों के पढ़ने वाले छात्रों को नहीं लौटाई गई फीस

## शासकीय उ.मा. विद्यालय सरई का मामला



**सिंगरौली।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में पदस्थ प्राचार्य द्वारा असंगठित कार्डधारियों के पढ़ रहे बच्चों का पूर्व वर्ष में जमा शुल्क को वापसी नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है।

गौरतलब यह है कि मध्यप्रदेश के भाजपा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत विभिन्न तरह के लाभ दिया जा रहा है जिसमें इसी योजना के तहत पढ़ने वाले छात्रों को शासन द्वारा फीस माफ करने का प्रवधान भी रखा गया है। लेकिन इसके बावजूद भी जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई के प्राचार्य द्वारा श्रमिक कार्डधारी बच्चों का पूर्व वर्ष में जमा शुल्क को आज तक पुरे बच्चों को वापस नहीं किया गया है वहीं जब छात्रों एवं उनके अभिभावकों द्वारा प्राचार्य से फीस वापसी की बात की गई तो छात्रों को फेल करने एवं उन्हें स्कुल से निकालने का धमकीं दी जाती है जिससे छात्र उक्त मामले को अपने मन में ही रो रहे हैं। दरअसल कुछ छात्राओं के अभिभावकों ने अपना नाम गुप्त रखने का शर्त रखते हुए बताया कि इस स्कुल के प्राचार्य के द्वारा संबल कार्ड धारकों के बच्चों का पूर्व वर्ष में सिर्फ दस प्रतिशत ही बच्चों को सिर्फ आधा शुल्क वापस किया है और शेष बच्चों को एक भी रूपए वापस नहीं किया गया है इतना ही नहीं इस प्राचार्य के द्वारा प्रवेश शुल्क पर भी अवैध वसूली की जाती है जिसमें हम-सब परेशान हैं। वहीं अभिभावकों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि इस स्कुल के प्राचार्य के द्वारा जो पूर्व वर्ष में जमा शुल्क को वापसी एवं वर्तमान में प्रवेश शुल्क पर अवैध वसूली को वापसी करवाते हुए कठोर कार्रवाई करें।

**इनका कहना है**

*इस स्कुल के प्राचार्य के द्वारा खुलेआम नियमों मे धांधली कर रहे हैं, और यदि फीस भी धांधली किये है तो पहले प्राचार्य को संबल कार्ड धारकों के बच्चों का जमा फीस एवं वर्तमान में अधिक ली गई फीस को वापसी करने का गुजारिश किया जाएगा यदि फिर भी शुल्क नहीं वापसी करते हैं और उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।*

**अमर राज केशरी पूर्व कीड़ा प्रमुख**
**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् सिंगरौली**

# देशी-विदेशी शराब दुकानों में नही लगी है रेट सूची

## देशी-विदेशी शराब दुकानों में मची भर्रेशाही, आबकारी अमला का मिला संरक्षण



**सिंगरौली।** जिले के अधिकांश देशी-विदेशी शराब दुकानों में शराब की रेट सूची नही लगाई गई है। जिसके चलते दुकानदार शराब मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। आरोप है कि शराब माफियाओं को आबकारी अमले का संरक्षण मिला है। गौरतलब है कि जिले के अधिकांश देसी-विदेशी दुकानों में रेट सूची गायब है। जिसके चलते शराब की दुकानदार मनमानी कीमत में शराब की बिक्री धड़ल्ले के साथ कर रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि शराब दुकान के संचालकों पर आबकारी अधिकारी किसी प्रकार के रोक-टोक नहीं कर रहे हैं। जिसका भरपूर फायदा दुकानदार उठा रहे हैं। आरोप यह भी लगाया जा रहा है कि यह सब कुछ आबकारी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के संरक्षण में चल रहा है। जिन्हें खुली छूट मिली हुई है। बताया जा रहा है कि आबकारी आधिकारिक एवं कर्मचारी शराब ठेकेदारों पर शराब की रेट सूची चसपा करने के लिए किसी प्रकार का दबाव ही नहीं बनाते। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि शराब ठेकेदारों एवं आबकारी अधिकारी-कर्मचारी के बीच बेहतर तालमेल है और उनका सब कुछ फिक्स है। इसी कारण आबकारी अमला अपना नुकसान नहीं करना चाहता है। फिलहाल जिले के कथित देशी-विदेशी शराब दुकानों में मची भर्रेशाही को लेकर जिला आबकारी महकमा के साथ-साथ दुकानों में रेट सूची चस्पा नही होने पर संबंधित ठेकेदार पर भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

# थाना जियावन परिसर में किया गया पौधारोपण

**सिंगरौली।** एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत एसडीएम देवसर अखिलेश कुमार सिंह, एसडीओ (पी.) देवसर राहुल कुमार सैयाम थाना प्रभारी जियावन निरीक्षक राजेन्द्र पाठक, थाना प्रभारी सरई निरीक्षक शिव प्रताप सिंह राजावत, थाना प्रभारी लंघाडोल उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र धुर्वे, चौकी प्रभारी कुन्दवार उप निरीक्षक बालेन्द्र त्यागी, चौकी प्रभारी निगरी उप निरीक्षक प्रियंका सिंह, चौकी प्रभारी निवास उप निरीक्षक अरूण सिंह, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सूरज सिंह, चौकी प्रभारी तिनगुड़ी उप निरीक्षक आर. के. वर्मा, उप निरीक्षक दिनेश प्रसाद पाण्डेय, उप निरीक्षक मनोज सिंह, उप निरीक्षक वाई.एल. वर्मा द्वारा थाना परिसर जियावन में पेड़ लगाये गये।

# अनुविभागीय अधिकारी देवसर में आयोजित हुआ अपराध समीक्षा बैठक

**सिंगरौली।** अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (पुलिस) देवसर में एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम द्वारा अनुभाग देवसर के थाना प्रभारी जियावन, सरई, लंघाडोल एवं चौकी प्रभारी कुन्दवार, निगरी, निवास, बरका, तिनगुड़ी का अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अनुभाग देवसर के थाना-चौकी में लंबित अपराध, मर्ग, चालानों की समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान एसडीओ (पी.) द्वारा नये बीएनएस, बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करने, अपराध निकाल, चालान पेश करने अधिक से अधिक सीएम हेल्पलाईन का निकाल करने, इसके साथ ही जमीन संबधी शिकायतों में सिंगरौली पुलिस द्वारा चलाये जा रहे थाना आपके द्वार के तहत राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर विवादों का निराकरण करायें। उक्त बैठक में थाना प्रभारी जियावन निरीक्षक राजेन्द्र पाठक, थाना प्रभारी सरई निरीक्षक शिव प्रताप सिंह राजावत, थाना प्रभारी लंघाडोल उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र धुर्वे, चौकी प्रभारी कुन्दवार उप निरीक्षक बालेन्द्र त्यागी, चौकी प्रभारी निगरी उप निरीक्षक प्रियंका सिंह, चौकी प्रभारी निवास उप निरीक्षक अरूण सिंह, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सूरज सिंह, चौकी प्रभारी तिनगुड़ी उप निरीक्षक आर. के. वर्मा उपस्थित रहे।

# प्रयागराज हाईवे में सिरफिरे माफिया ने लगा दी जीवन भर की कमाई, मुआवजा नहीं मिला तो हो जाऐगा बर्बाद

**सिंगरौली।** सिंगरौली प्रयागराज हाईवे में मुआवजा के लिए अधिकारी नेता और मुआवजा मफियाओं ने मुआवजे के लिए करोड़ों रुपए से घर बनवाए हैं वहीं एक सिरफिरे मुआवजा माफिया ने अपने जीवन भर की गाढ़ी कमाई घर बनाने में लगा दी। अब चर्चा होने लगी की नए बने घरों का पैसा नहीं मिलेगा ऐसे में सिरफिरे मुआवजा माफिया को डर सताने लगा है कि यदि घर का मुआवजा नहीं मिला तो वह बर्बाद हो जाएगा दरअसल सिरफिरे मुआवजा माफिया ने अपने जीवन भर की कमाई घर बनाने में लगा दी।

दरअसल सिंगरौली जिले से यूपी के प्रयागराज 135 सी हाईवे का निर्माण का सर्वे पूरा हो गया है। इस सड़क का निर्माण 7 सौ 40 करोड़ से करीब 70 किलोमीटर बननी है। लेकिन नेशनल हाईवे बनने की पहले मुआवजा माफियाओं ने मुआवजे के लिए घरों का निर्माण कर दिया है। एक महीने के अंदर इस हाईवे रूट पर करीब 2500 घर बन गए। मुआवजा राशि के लिए माफिया कई सफेदपोश और अधिकारी करोड़ों में इन्वेस्ट किया हैं। खुलासे के बाद सिंगरौली जिले में हड़कंप मच गया है।बता दें कि सिंगरौली से प्रयागराज तक हाईवे का निर्माण होना है। हाईवे निर्माण के लिए सर्वे का काम पूरा हो गया है। मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर सिंगरौली-प्रयागराज हाईवे का 70 किमी हिस्सा सिंगरौली जिले में आता है। फोरलेन हाईवे पास होने के बाद मुआवजा माफिया कई सफेदपोश और अधिकारी सक्रिय हो गया है। सभी ने मुआवाजे के लिए सांकेतिक घरों का हाईवे रूट पर निर्माण करवा सरकार से मोटी रकम मुआवाजे के रूप में वसूलने की तैयारी कर ली है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इसमें कई बड़े नेताओं और अधिकारियों ने भी जमीन खरीद रखी है। इसके साथ ही जमीन मालिक मकान बनवाने के लिए मुआवजा में मिलने वाले रकम से 20 से 25 प्रतिशत पैसे पर एग्रीमेंट भी किए हैं। हालांकि इन मकानों में कोई रहता नहीं है और यह मकान रहने की हिसाब से बने नहीं है यहां बिजली की उपलब्धता भी नहीं है। ये मकान अस्थाई हैं और सिर्फ मुआवजे के लिए टीन शेड डालकर बनाए गए हैं। हालांकि ज्यादा मुआवजा के लिए लोग पक्के मकान का निर्माण भी कराए हैं।

# तेंदुहा पोड़ी हत्याकांड का मुख्य आरोपी 12 घंटे मे गिरफ्तार

## बिना कारण सनकी आरोपी ने युवक पर चलायी गोली, 32 बोर पिस्टल व एक्सयूव्ही कार जप्त

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुहा पोड़ी मे शनिबार की प्रात: सरेराह युवक को गोली मारकर हत्याकांड को अंजाम देने वाले सनकी बीजेपी युवा मोर्चा मौहरिया जिलाध्यक्ष को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चितरंगी अस्पताल तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। उक्ताशय का खुलासा करते हुए एस पी सिंगरौली निवेदिता गुप्ता ने बताया की ग्राम तेंदुहा पोड़ी मे शनिवार को हुई हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिषेक पाण्डेय पुत्र अनिल पाण्डेय उम्र 30 निवासी कुल्हईया जो भारतीय जनता पार्टी मौहरिया का युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष है, ने शनिवार को प्रात: 9.30बजे तेंदुहा पोड़ी मार्ग पर मृतक लाले बंसल पुत्र गुनीलाल बंसल उम्र 23 वर्ष निवासी दुर्दरा के पर गोली चलाकर हत्या को अंजाम दिया था. जिसे पुलिस की गठित तीन टीम ने कड़ी मशक्कत से घेराबंदी कर 24घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।




**सनकी बीजेपी युवा अध्यक्ष ने अकारण युवक की ले ली जान**

गिरफ्तार आरोपी ने अपने कबूल नामे मे बताया की वह शनिवार को अपने एक्स यू पी 300 कार से अपने भैया को लेने रीवा जा रहा था और अपने पास लायसेंसी 32बोर का पिस्टल रखा था जिसमे 8 कारतूस भरे हुए थे. आरोपी अनुसार वह जैसे ही गिरछौंदा स्थित राजेश्वरी पेट्रोल पम्प से लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे पहुंचा तो देखा कि एक लड़का घायल अवस्था मे पड़ा हुआ है और पास मे मृतक युवक सिर पर लाल रंग का गमछा बांधे खड़ा है. जिससे उसने पूछा कि क्या हुआ भाई, यह सुनते ही मृतक अपनी मोटरसाइकिल से कुंडैनिया रोड तरफ भागने लगा जिसका आरोपी ने अपनी कार से पीछा किया. लेकिन मृतक रुकने को तैयार नही था और वह भागते भागते तेंदुहा पोड़ी मार्ग तरफ भागने लगा जिसे आरोपी अभिषेक ने अपनी कार से ओवरटेक करके रोकने का प्रयास किया लेकिन मृतक इसके बाद भी नही रुका और पीपरवान की ओर भागने लगा जिसका पीछा कर गुस्से से लाल आरोपी अभिषेक ने पहले डराने के लिए हवाई फायरिंग किया और जब उसके बाद भी नही रुका तो उसे गोली मारने की चेतावनी देते हुए सच मे उसके पीठ पर गोली चला दिया.मृतक गोली लगने के बाद भी कुछ दूर तक गया और उसकी मौत हो गयी. घटना के बाद आरोपी बेफिक्र अपने भैया को लेने रीवा गया और वापसी के बाद चितरंगी अस्पताल तिराहा के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

**इनकी रही भूमिका**

पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन, ए एसपी शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन मे एस डी ओ पी चितरंगी आशीष जैन, निरीक्षक एस एम पटेल, उप निरीक्षक उमेश तिवारी सहायक उप निरीक्षक मनीष सेन, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी कांत मिश्रा, मनीष कुसराम, आरक्षक भैयालाल यादव, नन्दलाल यादव, मुकेश पाण्डेय, शुभम पटले, शिव कुमार पटेल, जितेंद्र तिवारी, सर्वदानंद राय, सुदर्शन चौहान, बीर सिंह, सचिन शुक्ला, आशीष पाल व शोभाल वर्मा का सरहनीय योगदान रहा है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न







## विद्यार्थी पुस्तक सहायता प्रकोष्ठ का हुआ उद्घाटन

**सीधी**

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा 55 उन्नयित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह गृह मंत्री भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का इंदौर से संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा क्षेत्र सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि आज से संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के नाम से जाना जायेगा। यह जिले के लिए उपलब्धि है। उन्होने कहा कि उन्होंने भी अपनी शिक्षा संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से 1972-73 में प्राप्त की है। यह महाविद्यालय दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। बच्चों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य में कुछ बनने एवं बिगड़ने का यही समय है। हमेशा यही प्रयास करें कि महाविद्यालय में जो भी समय दे रहें है उसका सही उपयोग करें और अपने साथ महाविद्यालय एवं जिले का भी विकास करें। उन्होने कहा कि महाविद्यालय में जो भी संसाधन नहीं है उसकी उन्नति के लिए और अधिक प्रयास करूंगा। इस महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया।

विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि आज इस बात की खुशी है कि सामान्य महाविद्यालय से प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में उन्नयन होने से ज्यादा सुविधाएं एवं पाठ्यक्रम संचालित है। नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में अब संस्कृति को भी प्राथमिकता दी गई है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों को बस की सुविधा प्रदान की गई है जिसमें बच्चे 1 रूपये में सफर कर सकते है। बस चिन्हित स्थानों पर ही रूकेगी।

विधायक धौहनी श्री कुँवर सिंह टेकाम ने कहा कि महाविद्यालय उन्नति कर रहा है। मैंने भी अपनी शिक्षा संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से प्राप्त की है। विधायक श्री टेकाम ने प्रधानमंत्री जी, गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बनाया गया है जिससे शिक्षा में और अधिक वृद्धि हो गई है जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करेगें।

विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के महाविद्यालयों के साथ-साथ अपने जिले के संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी मे उन्नयन किया गया है। उन्होने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सभी जिलों मे एक साथ चालू हो गई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मध्यप्रदेश के 55 जिलो में महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस प्रदान किये है जिसमें नई शिक्षा नीति के सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में खुले नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी दी तथा महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. अरविन्द कुमार त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.बी.एस. चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, इन्द्रशरण सिंह चौहान, कमलेश्वर चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, पुष्पराज सिंह, भोला गुप्ता, देवेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. के.एम. नेताम, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. आर.एन. स्वर्णकार, डॉ. पी.के. शर्मा, डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी, डॉ. वाईपी साहू, गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी विद्यार्थी पुस्तक सहायता प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, विद्यावन एवं विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का फीता काटकर सांसद एवं विधायक द्वारा उद्घाटन किया गया। साथ ही विद्यार्थी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यावन में सभी अतिथियों द्वारा पौधा रोपण का कार्य किया गया।

# नामांकन एवं मैपिंग नहीं करने वाले 44 प्राचार्यों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

## जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया कारण बताओ सूचना पत्र

### दो दिन के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का भेजा जायेगा प्रस्ताव

**सीधी।** शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शिक्षा सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ है। विद्यार्थियों की शिक्षा पोर्टल पर कक्षोन्नति अर्थात् नामांकन की कार्यवाही प्राचार्यों द्वारा नहीं करने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दूरभाष से संपर्क कर एवं दिनांक 12 जुलाई को क्रमांक-02 सीधी में बैठक लेकर प्राचार्यों को शत-प्रतिशत नामांकन, मैपिंग एवं कक्षोन्नति के निर्देश दिये गये थे। इसके बावजूद प्राचार्यों द्वारा कार्य में घोर लापरवाही की गई है और विभाग की छवि धूमिल हुई। डॉ. पी.एल.मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों के इस कृत्य और लापरवाही को म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1) एवं नियम 12 का उल्लंघन मानते हुये प्राचार्यों को दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत नामांकन कराने के निर्देश देते हुये कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। विकासखण्ड सीधी में उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, सेमरिया, क्रमांक-02 सीधी, खाम्ह, चौफाल, पनवार, बम्हनी, सीधी खुर्द, हड़बड़ो, पिपरोहर, कमर्जी, धुम्मा एवं बरम्बाबा, विकासखण्ड सिहावल में बहरी, बालक पतुलखी, हटवाखास, सपही, अमिलिया, सुड़वार, बिठौली, कुचवाही, मॉडल स्कूल सिहावल, टीकर, अमरपुर, खुटेली एवं बघोर, विकासखण्ड रामपुर नैकिन में कंधवार, खड्डी, उत्कृष्ट रामपुर नैकिन, हनुमानगढ़, बागढ़, कन्या चुरहट, चकड़ौर, पोस्ता, बालक चुरहट, कन्या रामपुर नैकिन एवं मॉडल स्कूल रामपुर नैकिन तथा विकासखण्ड मझौली में ताला, टिकरी, मड़वास, खड़ौरा एवं नौढ़िया के प्राचार्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 36 वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही

**सिंगरौली।** श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस टीम के द्वारा शहर के चौराहो पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्दे श्य चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहे जैसे माजन मोड़, इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक, मस्जिद तिराहा, कालेज तिराहा, अमलोरी तिराहा, जयंत बस पड़ाव आदि स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने पर कार्यवाही की गई।

# कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी मुम्बई ने मान्या पाण्डेय को नियुक्त किया एन्फ्युएंसर

## कंपनी ने शासकीय योजनाओं के लिए गीत बनाने का सौंपा दायित्व

### सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी मान्या पाण्डेय

**सीधी।** विंध्य की राष्ट्रीय लोक गायिका सुश्री मान्या पाण्डेय को कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी मुम्बई ने एन्फ्युएंसर नियुक्त किया है। मान्या पाण्डेय कंपनी के निर्देशन में शासकीय योजनाओं का गीत तैयार कर, गाने का वीडियो कंपनी को देंगी और अपने सोशल नेटवर्किंग साइड से भी प्रचार-प्रसार करेगी। विगत दिनों मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाये गये जल गंगा संवर्धन अभियान पर पर राष्ट्रीय लोक



गायिका मान्या पाण्डेय ने जो गीत गये थे। उनकी काफी चर्चा हुई और मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में उक्त गानों को चलाया गया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मान्या पाण्डेय के गीतों को अपने सोशल मीडिया एकाउंट से जारी कर, मान्या पाण्डेय को बधाई दी थी। मध्य प्रदेश शासन की अनुशंसा पर राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी मुम्बई ने एन्फ्युएंसर नियुक्त किया है। सुश्री मान्या विंध्य क्षेत्र की एकलौती लोक गायिका हैं जिन्हें मध्य प्रदेश सरकार ने एन्फ्युएंसर के लिए अनुशंसा प्रदान की है। मान्या पाण्डेय विगत कई वर्षों से प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार का अपने गीतों के माध्यम से दायित्व निभा रही हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मान्या पाण्डेय को आजीवन मुफ्त शिक्षा दिलाने की घोषणा की थी और भोपाल बुलाकर सम्मानित किया था। विगत वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रीवा आगमन पर उनके सामने धरती कहे पुकार के कार्यक्रम की प्रस्तुति की थी। जिसे प्रधानमंत्री ने 11 मिनट खड़े होकर कार्यक्रम को देखा था। उक्त कार्यक्रम का पूरे देश में सभी टीवी चैनलों, सोशल मीडिया में लाइव प्रसारण हुआ था। जिसमें मान्या पाण्डेय की कला को पूरे देश ने देखा था। उक्त कार्यक्रम के बाद मान्या पाण्डेय को देश भर में बुलाया जाने लगा। मान्या पाण्डेय की प्रतिभा और लोक प्रियता को देखते हुए मुम्बई की कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी ने मान्या पाण्डेय को एन्फ्युएंसर नियुक्त किया है। कंपनी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को इस काम के लिए अच्छा खासा मानदेय भी प्रदान करेगी।

# महिला थाना मे हुआ जन चेतना परामर्श का आयोजन




**सिंगरौली।** महिला थाना सिंगरौली मे नवाचार अन्तर्गत जन चेतना परामर्श का पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन मे उपनिरी. प्रियंका शर्मा द्वारा आयोजन किया गया। आयोजन में 13 आवेदिकाओं के आवेदन पर आज दिनांक 13/07/2024 को थाना बुलाया जाकर जन चेतना परामर्श मे सलाहकार एवं काउंसलर की उपस्थिति में पति पत्नी की समस्याओं को सुना जाकर निदान हेतु परामर्श दिया गया एवं 3 प्रकरणों में परामर्श उपरान्त पति पत्नी एवं एक साथ रहते हुए अच्छे जीवन की शुरूआत करने के लिये सहर्ष तैयार होने पर साथ मे भेजा गया 6 प्रकरण मे आवेदक-अनावेदक द्वारा समय की मांग की गई जिन्हे अगली चेतना परामर्श मे समझाईस देने की सलाह दी गई। एवं 3 प्रकरणों में न्यायालय से कार्यवाही कराने सम्बंधित उचित समझाईस दी गई। उपरोक्तानुसार नवाचार अन्तर्गत किये जा रहे परामर्श का उद्देश्य सुखद बैवाहिक जीवन का संचालन है। उपरोक्त परामर्श में करीब 35 महिला पुरुष उपस्थित रहे विधिक सलाहकार अधिवक्तागण एवं काउंसलर श्री मानिकराम पाण्डेय, संतोष दुबे, रीता दुबे एवं काउंसलर आस्मीन अख्तर द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को परामर्श एवं विधिक जानकारी दी गई एवं बताया गया कि जन चेतना परामर्श प्रत्येक शनिवार दोपहर 11.00 बजे से महिला थाना में आयोजित किया जाएगा। इसका फालोअप पीड़िता / शिकायतकर्ता के घर जाकर मौके से सतत् किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में आई.पी. वर्मा, बेलाकली सिंह, रानी सिंह, अल्पना सिंह, सतीष बागरी, नातीलाल बागरी, रवि सिंह बाघेल, अखिलेश रावत, माया मालवीय, विदुषी पाण्डेय की भी सहभागिता रही।

# खाना सभी बनाते है पर ये नहीं पता कि हम किसके लिए बनाते है : नीरज

## पोता हमेशा अपने दादा के करीब होता है : रूचि दिव्या

**सीधी।** इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार सीधी सिनेमा क्लब में लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में दिखाई जाती है। जिसके स्कूल के विद्यार्थियों के साथ-साथ शहर भर से बच्चे और युवा सहभागिता करते है। इस रविवार 2012 की भारतीय मलयालम भाषा की मषहूर ड्रामा फिल्म उस्ताद होटल का प्रदर्शन किया गया।

यह फिल्म एक पुरुष और एक महिला, एक पिता और एक बेटे तथा एक दादा और पोते के बीच प्रेम के पहलुओं को छूती हुई आगे बढ़ती है, तथा इसमें तत्वों को सटीकता के साथ शामिल किया गया है।

उत्साद होटल एक ऐसे नौजवान की कहानी है जो अचानक घटित घटनाओं के बाद अपने दादा के साथ एक करीबी रिष्ता विकसित करता है जो उसके सपनों को चकनाचूर कर देता है। उस्ताद होटल के बारे मे एक निष्चित गर्मजोषी है। यह ऐसी फिल्म में जो एक पुरूष और एक महिला, एक पिता और एक बेटे, और एक दादा और पोते के बीच प्रेम के पहलुओं को छूते हुए धीरे - धीरे घूमती है, तत्वों को



सटीकता के साथ शामिल किया गया है। नायक एक नेक आदमी नहीं है। जब उसके दादा दिल का दौरा पड़ने से बेहोष हो जाते हैं, तो वह वास्तव में चाहता है कि उसके दादा उसे अपने विदेषी सपनों को छोड़कर वापस न आने के लिए कहें। वह अपनी प्रेमिका से भी ऐसा कहता है, बिना इस बात की परवाह किए कि वह उसके स्वार्थी और महत्वाकांक्षी स्वभाव के बारे में क्या सोचेगी।

वास्तव में जो चीज उसके रवैये को बदलती है वह है विषेष जरूरतों वाले बच्चों का एक समूह। उस्ताद होटल में यह सबसे अच्छा क्षण है जब ये बच्चे एक-एक करके फेजी के पास जाते जब उनके षिक्षक ने उन्हें परोसी गई स्वादिष्ट बिरयानी के लिए उनके धन्यबाद के रूप में उस चिन्ह को समझा तो फेजी के चेहरे पर जो चमक दिखाई दी, वह फिल्म में बार-बार समुद्र तट पर धुंधलके में भीगी शामों से कहीं अधिक गर्मजोषी थी।

इस फिल्म में दादा और पोते के द्वारा यह संदेष दिया गया कि हर परिवार में पोते और दादा का रिष्ता पिता से कहीं ज्यादा होता है और तीन पीढ़ियों तक एक साथ जोड़े रहता है। इसके द्वारा खाने से यह संदेष दिया गया कि खाना महत्व नहीं रखता बल्कि वह किस भाव और ममता से प्रसाद की तरह बनाया गया है। यह फिल्म हमें यह सिखाती है आज भी हमारे समाज में बहुत सारे ऐसे लोग है जिन्हें रात का खाना नसीब नहीं होता है और हमें खाने को सभी व्यर्थ नहीं करना चाहिए।

परिचर्चा के दौरान बच्चों को नीरज सर के द्वारा यह बताया गया कि खाना अगर निष्चित हो जाए कि हम किसके लिए बना रहे है जिस तरह पूरे फिल्म में अभिनेता यह नहीं समझ पा रहा था कि हमकों खाना बनाना तो आता है पर किसके लिए बनाना है यह बात उसे अंतिम में पता चली है। जिससे उसे एहसास हुआ कि गरीब और वंचित खाना खिलाना कोई और बात है। गरीब और वंचित खिलाने में ज्यादा खुषी मिलती है। चर्चा के दौरान यह भी बताया गया कि प्रवीण जी ने यह बताया कि बच्चों को हमेंषा बाबा और दादी के साथ वक्त बिताना चाहिए। परिचर्चा के दौरान बच्चों ने यह भी बताया कि अब हम खाना बर्बाद नहीं करेगे और अपने सपने को हमेषा जियेगे।

# संवेदनशील सांसद पहुंचे शिव दयाल के घर, बढ़ाया ढाढस, कहा हर संभव होगी मदद



**सीधी।** सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम माटा, करही टोला में शिव दयाल गुप्ता के घर पर भीषण आग लगने की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवेदनशील सांसद डॉ राजेश मिश्रा पहुँचकर जायजा लिया एवं उनके परिवार जनों से भेंट की तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि पीड़ित परिवार शिवदयाल गुप्ता की हर संभव, हर प्रकार से मदद की जाएगी। उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को सांसद डॉक्टर मिश्रा ने त्वरित निर्देश जारी करते हुए इनकी मदद करने के लिए निर्देशित किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डॉक्टर मोहन यादव की सरकार हर आपदा से ग्रसित व्यक्ति के लिए, हर संभव मदद करती है। मैं क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन की सेवा के लिए हर समय तैयार हूं।

## संपादकीय

### हादसों की बनी सड़क

तमाम सरकारी दावों के बावजूद देश में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो पा रही हैं। आए दिन बड़े सड़क हादसों की खबरें आ जाती हैं। खासकर आधुनिक तकनीक से बने एक्सप्रेस-वे पर भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार बस के टैंकर से टकराने और उसमें अठारह लोगों के मारे जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। पहले भी इस मार्ग पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। सवाल है कि एक्सप्रेस-वे पर आखिर इतने बड़े हादसे क्यों हो रहे हैं? पिछले वर्ष नवंबर में केंद्र सरकार की तरफ से जारी एक रपट के मुताबिक, 2022 में देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 32.9 फीसद एक्सप्रेस-वे पर हुई और इनकी वजह तेज रफ्तार थी। दरअसल, एक्सप्रेस-वे पर दिन-प्रतिदिन वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में तेज गति से गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की संभावना हर वक्त बनी रहती है।वैसे तो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। मगर, ये कानून तभी कारगर साबित होंगे, जब प्रशासनिक तंत्र इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करेगा। अक्सर देखा गया है कि दुर्घटना संभावित चिह्नित स्थलों पर भी वाहनों की निगरानी के लिए माकूल व्यवस्था नदारद होती है। हालांकि, एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी की व्यवस्था है, लेकिन उनकी भी नियमित निगरानी किए जाने की जरूरत है, ताकि दुर्घटना के संभावित खतरों को समय रहते टाला जा सके।बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर एक्सप्रेस-वे पर यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाने, आपात सेवा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करने तथा कार्रवाई में देरी करने पर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठाया जाता रहा है। मगर, इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आती है। तेज रफ्तार के अलावा लापरवाही से वाहन चलाना, क्षमता से अधिक यात्री बिठाना, अकुशल चालक और नशे में वाहन चलाना भी सड़क हादसों का कारण बनता है।

# क्या इकॉनमी के लिए बोझ हैं बुज़ुर्ग

**युवा ज्यादा मजबूत और समूह की मादाओं के लिए अधिक आकर्षक होते हैं। इस मामले में हम इंसान प्रकृति में अनूठे हैं। यहां बुजुर्गों की अधिक चलती है। अमेरिका में इस समय 75 बरस से अधिक उम्र के दो पुरुष धरती पर सबसे शक्तिशाली पद के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। कॉरपोरेट वर्ल्ड की बात की जाए तो वहां पके बालों वाले सीईओ ज्यादा विश्वसनीय माने जाते हैं।**

(दीपांकर गुप्ता)

बुजुर्गों के प्रति भेदभाव को लेकर एक जोरदार अफवाह फैली हुई है। हमसे कहा जा रहा है कि बुजुर्ग लंबा जीने की जिद पाले हुए हैं। इससे उनकी संख्या इतनी ज्यादा हो गई है, जिसका बोझ युवा नहीं उठा सकते। यह बात न केवल आर्थिक रूप से गलत है, बल्कि इंसानों में पाई जाने वाली मौलिक विशेषता को भी कम करके आंकती है।

### अनूठा है इंसान

हम इस चीज को अनदेखा कर देते हैं कि केवल हमारी प्रजाति में ही युवाओं पर बुजुर्ग हावी होते हैं। आनुवंशिक रूप से इंसानों के सबसे करीब सिल्वर बेक गोरिल्ला हैं। उनमें भी नेतृत्व को युवा प्रतिद्वंद्वियों के आगे झुकना पड़ता है। युवा ज्यादा मजबूत और समूह की मादाओं के लिए अधिक आकर्षक होते हैं। इस मामले में हम इंसान प्रकृति में अनूठे हैं। यहां बुजुर्गों की अधिक चलती है। अमेरिका में इस समय 75 बरस से अधिक उम्र के दो पुरुष धरती पर सबसे शक्तिशाली पद के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। कॉरपोरेट वर्ल्ड की बात की जाए तो वहां पके बालों वाले सीईओ ज्यादा विश्वसनीय माने जाते हैं।

### इकॉनमी में योगदान

हमारे लिए उम्र सम्मान दिलाती है, अपमान नहीं जैसा कि गोरिल्लाओं में होता है। लेकिन, सवाल है कि रिटायरमेंट और कमजोर होते शरीर का क्या? इसका जवाब है कि उस समय भी बुजुर्ग योगदान देते रहते हैं। वे अर्थव्यवस्था को चलाते हैं। दवा उद्योग अपनी दवाएं बेचने के लिए बुजुर्गों पर निर्भर है। कुछ उदाहरण देख लीजिए, अमेरिका में हाइपरटेंशन की दवा लीसीनोप्रीइल हर साल लगभग 9 करोड़ बार प्रिस्क्राइब की जाती है। इसी तरह से भारत में हर बरस करीब ढाई लाख घुटना प्रत्यारोपण होते हैं।

### बुज़ुर्गों का बाजार

बुजुर्गों पर आधारित बाजार तेजी से बढ़ रहा है। एक अनुमान है कि अगले सात बरसों में यह मार्केट सालाना 6.2 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारत में इस तरह का बाजार अब भी एक नई चीज है, लेकिन 2030 तक इसके 12 बिलियन डॉलर का हो जाने की उम्मीद है। अगर मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो भारत में बुजुर्गों की खर्च करने की




क्षमता 2050 तक एक ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी।

### सरकार की मदद

बुजुर्ग आबादी अपने पेंशन फंड के जरिये भी इकॉनमी में योगदान देती है। इस फंड से सरकार को कम ब्याज दर पर लंबी अवधि में निवेश के लिए पैसा मिलता है। कई नान ओईसीडी देशों में पेंशन फंड की ग्रोथ ने जीडीपी को भी पीछे छोड़ दिया है। कनाडा से लेकर युगांडा और भारत तक, ऐसे तमाम उदाहरण हैं जहां पेंशन फंड से देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को डिवेलप करने में मदद की जा रही।

### अमीर उपभोक्ता

दुनियाभर में बुजुर्ग सबसे अमीर आयु वर्ग हैं। साल 2020 में कुल उपभोक्ता वर्ग 3.9 बिलियन था। 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर 5.6 बिलियन हो जाएगा। उस वक्त तक 76 प्रतिशत बुजुर्ग इस उपभोक्ता वर्ग में शामिल होंगे। किसी भी और कैटिगरी की तुलना में उनकी संख्या 11 प्रतिशत अधिक होगी।

### खर्च में आगे

बुजुर्गों की खर्च करने की शक्ति बहुत बड़ी है। अमेरिकन थिंकटैंक ब्रोकिंगस की एक रिपोर्ट कहती है कि 2020 में बुजुर्ग 8.7 ट्रिलियन डॉलर खर्च कर रहे थे। 2030 तक उनकी खर्च करने की क्षमता 15 ट्रिलियन डॉलर तक हो जाएगी। जापान में बूढ़ी होती आबादी को लेकर बहुत बातें की जाती हैं, लेकिन वहां खर्च में पेंशनर्स का योगदान 40 प्रतिशत से ज्यादा है। 2002 से यह डेटा डबल हो चुका है।

### सिल्वर इकॉनमी

अमेरिका में 1965 से पहले पैदा हुए लोग साल-दर-साल अपना खर्च बढ़ा रहे हैं। यही कारण है कि कुछ अमेरिकी सिल्वर एकानामी को अपना गुप्त हथियार कहते हैं। यह इकॉनमी बुजुर्गों से जुड़े उत्पादों और सेवाओं की होती है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब देश की अर्थव्यवस्था इनफ्लासन डिफ्लिासन और दूसरी आर्थिक दिक्कतों में घिर जाती है। कोविड के दौरान इस सिल्वर इकॉनमी ने कई देशों के लिए सिल्वर बुलेट का काम किया होगा और संकट से उबारने में मदद की होगी।

### सरकारी प्रयास

वरिष्ठ नागरिकों की अंगुली पकड़कर डिजिटल हेल्थ मार्केट भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत में साल 2027 तक स्वास्थ्य सेवाओं के 1.74 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने बुजुर्गों के लिए सीनियर एज ग्रोथ इंजन या सेज की शुरुआत की है। इसका काम है बुजुर्गों के लिए उपभोक्ता वस्तुओं को बढ़ावा देना।

### परिवार में भूमिका

बुजुर्गों के कई दूसरे फायदे भी हैं, खासकर भारत में। यहां लगभग 48 प्रतिशत परिवार संयुक्त हैं। इन परिवारों में वरिष्ठ नागरिक ऐसे तरीकों से योगदान करते हैं, जिन्हें पैसों से नहीं खरीदा जा सकता, लेकिन जिसकी कीमत बहुत बड़ी होती है। इसमें पोते-पोतियों का पालन-पोषण करना और घर को संभालना शामिल है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि भारत में हर बुजुर्ग घर के बच्चों को लोरियां ही सुना रहा है। यहां एक तिहाई वरिष्ठ नागरिक अब भी काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने रिटायरमेंट को अनिश्चित तारीख तक टाल दिया है। हो सकता है कि उनकी रफ्तार कम हो, लेकिन अब भी वे दौड़ में बने हुए हैं।

### युवाओं पर जिम्मेदारी

बूढ़े गोरिल्ला के विपरीत इंसान अधिक उम्र में भी अपना योगदान देते हैं। इसके बाद भी उन्हें प्रगति में बाधक माना जाता है। हां, वे उतना उत्पादन नहीं करते, लेकिन खपत से उसकी भरपाई कर देते हैं। अब यह युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे आगे आएं और उत्पादन करें। (लेखक समाजशास्त्री हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# सकारात्मक सोच की शक्ति !

सुनील कुमार महला

कहते हैं कि आदमी का दिमाग विश्व में सबसे ज्यादा पावरफुल है। दिमाग से पावरफुल दुनिया में कुछ भी नहीं है। आदमी अपने जीवन को बेहतर, अच्छा बनाने के लिए हर समय बाहरी स्त्रोतों की तलाश करता है, न जाने इसके लिए वह कहां कहां भटकता है। सुख, सुकून की तलाश करता है लेकिन आदमी कभी भी अपने अंतर्मन में नहीं झांकता। आदमी को यह कभी भी नहीं भूलना चाहिए कि उसके स्वयं के भीतर ही अविश्वसनीय संसाधन मौजूद हैं। और यह संसाधन है हमारी सकारात्मकता, हमारी पाजीटिविटी। हम कितने पाज़ीटिव हैं ? लेकिन हम सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए कभी भी प्रयास नहीं करते। अपने लिए कभी समय ही नहीं निकालते। हमें जीवन के सकारात्मक पहलुओं पर विचार करना चाहिए और यह काम केवल और केवल हमारा दिमाग कर सकता है। हम जैसा सोचते हैं, जैसे विचार रखते हैं, वास्तव में हम वैसा ही बनते हैं। वास्तव में यह एक चुनौती है। आज हर कहीं नेगेटिविटी बिखरी पड़ी है। आज के परिवेश में सकारात्मक होना आसान नहीं है लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। सकारात्मक होना संभव है और बिल्कुल मुमकिन है। हर कोई सकारात्मक हो सकता है और अपने जीवन को सफल बना सकता है। हम तूफानों से लड़ना सीखें, संघर्षों में जीना सीखें, जीवन यही है। एक कवि कुछ यूं लिखते हैं -तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार, आज सिन्धु ने विष उगला है, लहरों का यौवन मचला है, आज हृदय में और सिन्धु में, साथ उठा है ज्वार, तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार, लहरों के स्वर में कुछ बोलो, इस अंधड़ में साहस तोलो, कभी-कभी मिलता जीवन में तूफानों का प्यार, तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार, यह असीम, निज सीमा जाने सागर भी तो यह पहचाने, मिट्टी के पुतले मानव ने कभी न मानी हार, तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार...। हमें अपनी रगो में साहस तौलना है और संघर्षों से कभी भी परेशान नहीं होना है। संघर्षों में भी हम आशान्वित रहें, सकारात्मक सोच रखें। हमें यह चाहिए कि हम नकारात्मक लोगों, नकारात्मक विचार फैलाने वाले लोगों से दूर रहें। वास्तव में, सकारात्मक मानसिकता बनाने के लिए अभ्यास की जरूरत होती है। आदमी हमेशा अपने मन को, अपने दिमाग को बीमार रखता है। आज आपा-धापी, भाग दौड़ भरी जिंदगी है। हम स्वयं का समावेश प्रकृति के साथ नहीं करते, जीवन की आपाधापी में ही हमेशा उलझे रहते हैं। हमारी अच्छी सोच हमारे जीवन में जिजीविषा पैदा करती है।

# पापा बचा लेंगे

(अक्षय शुक्ला)

पुणे और मुंबई के बहुचर्चित हिट एंड रन मामलों ने दिल्ली के 25 साल पुराने संजीव नंदा केस की यादें ताज़ा कर दीं। ये तीनों हाईप्रोफाइल मामले बताते हैं कि अगर आप अमीर और रसूखदार हैं तो किसी को अपनी गाड़ी तले रौंदने के बावजूद सारा तंत्र आपको बचाने में लग जाता है। 19 मई को पुणे में एक बड़े बिल्डर के नाबालिग बेटे ने तेज़ रफ्तार पोर्शे कार से बाइक सवार दो युवाओं को कुचल दिया। हादसे के बाद जिस तरह से खून के सैंपल बदलकर अभियुक्त को बचाने की कोशिश हुई, उसने सरकारी विभागों पर कई सवाल उठा दिए।



हालांकि यह मामला भी ऐसी कई घटनाओं की तरह ही दबकर रह जाता, अगर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के जज आरोपी लड़के को महज़ 300 शब्दों का निबंध लिखने की सज़ा नहीं सुनाते। नशे में दो युवा ज़िंदगियां छीनने वाले को इतनी मामूली सज़ा मिलने की खबर फैलते ही सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। हंगामा मचा तो पूरा प्रशासनिक अमला हरकत में आया। परतें खुलीं तो सारे विभाग कठघरे में आ गए। आखिर एक नाबालिग को बार में शराब कैसे परोसी गई? नशे में धुत होकर जो कार वह चला रहा था, वह बिना रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट के कैसे चल रही थी, क्या ट्रैफिक पुलिस की कभी नज़र नहीं पड़ी? मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दौलत और शराब के नशे में चूर ऐसे ही एक अन्य युवा ने मुंबई में अपनी बीएमडब्लू कार से महिला को बुरी तरह कुचल डाला। इस नेता पुत्र को बचाने की काफी कोशिशें हुई पर पुणे केस में हाथ जला चुकी महाराष्ट्र सरकार इस बार कोई चूक नहीं चाहती थी। पुलिस से छुपते फिर रहे युवक को घटना के 60 घंटे बाद गिरफ्तार तो किया गया लेकिन पुलिस ने इसे ड्रिंक एंड ड्राइव के बजाय हिट एंड रन में दर्ज किया। दबाव बढ़ा तो पुलिस को मानना पड़ा कि अभियुक्त पूरी तरह नशे में था। 1999 में दिल्ली का नंदा केस तो कई साल तक सुर्खियों में रहा। पूर्व नौसेना प्रमुख के पोते ने लोधी रोड इलाके में अपनी बीएमडब्लू कार से छह लोगों को कुचल दिया था। घटना के बाद सबूत मिटाने के साथ ही गवाहों को प्रभावित करने की कोशिशें तब भी खूब हुईं। लेकिन मामला रसूखदार परिवार से जुड़ा था तो पूरे देश की निगाहें इस पर टिक गईं। आखिरकार 2008 में आरोपी को सज़ा हुई। 25 साल बाद भी कुछ नहीं बदला। आज भी वही सब कहानी दोहराई जा रही है। क्या कानून इतने कमज़ोर हैं कि लोगों में खौफ नहीं? बेंगलुरू में पिछले एक दशक में हुए ऐसे हादसों में मात्र एक में ही सज़ा हो पाई है। मोटर वीकल अमेंडमेंट एक्ट 2019 में ड्रंकन ड्राइविंग के जुर्माने में काफी बढ़ोतरी की गई, लेकिन उसका कोई असर नहीं दिखता। हाल में लागू भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 में लापरवाही से गाड़ी चलाकर जान लेने पर पांच साल तक की सज़ा का प्रावधान है, वह भी अगर पुलिस को सूचित किया तब। बिना सूचना दिए भागने पर दस साल की सज़ा होगी। क्या इससे ऐसी घटनाएं रुकेंगी? लगता नहीं क्योंकि रसूख वालों की औलादों को लगता है कि वे कुछ भी कर लें, पापा उन्हें बचा लेंगे। यहीं से उनके संवेदनहीन होने की शुरुआत हो जाती है। सड़क पर चलते लोग उन्हें कीड़े मकौड़े लगते हैं। कई साल पहले मुंबई में एक सिलेब्रिटी ने फुटपाथ पर सोते लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी थी। बाद में तर्क दिया कि फुटपाथ सोने की जगह नहीं है। उन्हें कौन बताए कि फुटपाथ गाड़ी चढ़ाने की जगह भी नहीं है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5431



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. ब्रिटेन ने इस देश को 29 अगस्त 1945 को जापान से मुक्त किया (4)
5. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
7. विवाह के पूर्व की एक रस्म (4)
8. नितांत अंतिम, छोरस्थ, पराकाष्ठात्मक (3)
10. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
11. लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपना सरगमी सफर इस फिल्म से शुरू किया (5)
13. जंगल, अरण्य, कानन (2)
14. ईर्ष्या, जलन, खुन्नस, रश्क (2)
15. भय, खौफ, दहशत (2)
16. भास्कर, दिनपति, दिवाकर (2)
18. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
22. जो रिश्ते में नाना का पिता हो (4)
24. 1948 में प्रदर्शित आग वह पहली फिल्म थी जिसमें अभिनेता के साथ-साथ निर्माता-निर्देशक के रूप में भी ये अभिनेता सामने आए (5)
25. घोड़ों द्वारा खींचकर ले जानी वाली सवारी का चलन प्राचीनकाल में था (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जल्दी-जल्दी और लंबी-लंबी सांसे लेना (3)
2. अनर्थ बोध, बदगुमानी, भ्रांत धारणा (6)
3. मालवी में प्याज को यह कहते है (2)
4. बारूद को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (6)
5. पुनरागत, लौटा हुआ, प्रतिगत, शेखर पुरोहित अलका अभिनीत 1969 की फिल्म (3)
6. दायित्व, कार्यभार, जिम्मा (5)
9. नगीना, रत्न (2)
12. दौड़ने वाला, धावक (3)
17. पूरे संसार का स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
19. मुलायम, मृदु, कोमल (3)
20. सूती धागा, रज्जू (2)
21. पुराणानुसार कामाक्षी का चौथा रूप, शब्द ब्रह्म, परमार्थ का कराने वाली विद्या (2)
22. किंतु, परंतु, पंख, डैना (2)
23. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)

**वर्ग पहेली 5430 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बि | दा | सु | ल्ता | न | | ट |
| ज | ज | | ख | | था | वि | का |
| त | ली | | दा | य | रा | | |
| क | | त | य | | स्ता | य | क |
| | अ | ट | क | ल | | न | र |
| लू | | ट | | क्ष | | मो | ता |
| | फु | र्ती | ला | | ना | च | |
| आ | ट | | भ | र | ता | र | |

# नेपाल में फिर एक बार चीन के यार ओली सरकार, क्या पड़ोसी भारत से दूर हो जाएगा फिर एक बार

(अभिनय आकाश)

संसद में दहल के विश्वास प्रस्ताव के ख़िलाफ़ 194 वोट पड़े। हल के सीपीएन-माओवादी सेंटर के संसद में केवल 32 सदस्य हैं। नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। उनकी संयुक्त संख्या 167 निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है। एनसी अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही नेपाल के अगले प्रधान मंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल च्प्रचंडज शुक्रवार को संसद में अपना नवीनतम विश्वास मत हार गए, एक अपेक्षित परिणाम जो उन्हें सत्ता से हटने के लिए मजबूर करेगा और उनके कम्युनिस्ट प्रतिद्वंद्वी केपी शर्मा ओली के लिए सत्ता में लौटने का मार्ग प्रशस्त करेगा। अगले प्रधानमंत्री. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने और नेपाली कांग्रेस के साथ देर रात गठबंधन समझौता करने के बाद प्रचंड ने पांचवें विश्वास मत का आह्वान किया।

सभी घटनाक्रम इस ओर इशारा कर रहे हैं कि प्रचंड शुक्रवार का विश्वास मत हार रहे हैं क्योंकि उन्हें 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सिर्फ 63 वोट मिले, जबकि विश्वास मत हासिल करने के लिए उन्हें 138 वोटों की जरूरत थी। संसद में दहल के विश्वास प्रस्ताव के खिलाफ़ 194 वोट पड़े। हल के सीपीएन-माओवादी सेंटर के संसद में केवल 32 सदस्य हैं। नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। उनकी संयुक्त संख्या 167 निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है। एनसी अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही नेपाल के अगले प्रधान मंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं।

### संसद में प्रमुख दलों

नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल और जनता समाजवादी पार्टी ने अपने सांसदों को आज पेश होने वाले विश्वास प्रस्ताव के खिलाफ खड़े होने के लिए व्हिप जारी किया है। ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझाकरण समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले हफ्ते प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया।

प्रचंड 1996 से 2006 तक हिंसक माओवादी कम्युनिस्ट विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप 17,000 से अधिक लोग मारे गए। माओवादियों ने अपना सशस्त्र विद्रोह छोड़ दिया, 2006 में संयुक्त राष्ट्र समर्थित शांति प्रक्रिया में शामिल हो गए और मुख्यधारा की राजनीति में प्रवेश कर गए। वह 2008 में प्रधान मंत्री बने लेकिन राष्ट्रपति के साथ मतभेदों के कारण एक साल बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। 9 वर्षीय नेता दिसंबर 2022 में अनिर्णायक चुनाव के बाद प्रधान मंत्री बनने के बाद से एक अस्थिर सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व कर रहे थे।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ से भरा दिन है और आपको सफलता प्राप्?त होगी। कार्यक्षेत्र से जुड़े किसी काम में आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। संतान पक्ष से करियर के मामले में आशाजनक समाचार मिल सकता है।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास में सफलता प्राप्?त होगी। आपको सरकारी विभाग से काम पूरा करवाने में सफलता मिलेगी। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में आपको अचानक से कुछ कष्?ट हो सकते हैं।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज आपको थोड़ा सा सावधान रहने की सलाह है। कोई मूल्?यवान वस्?तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलने से आपको हर्ष होगा।

### कर्क

आज लाभ का दिन है और आपको उत्?तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी।

### सिंह

आज भाग्?य चमकेगा। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको सम्?मान मिलेगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। विरोधियों को काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। विरोधी आपस में ही लड़कर नष्ट हो जाएंगे।

### कन्या

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदम में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

### तुला

आज लाभ होगा और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी और कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा।

### वृश्चिक

आज दिन काफी बिजी रहेगा और आज आपको दूसरों के काम के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। घर में अचानक से कोई बीमार पड़ सकता है और उसके इलाज में काफी खर्च हो सकता है। इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको सरकारी विभाग में अपना काम निकलवाने में सफलता प्राप्?त होगी। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

### मकर

आज दिन लाभ से भरा हेगा। पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर और सहयोग भी पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। शाम के वक्?त किसी के साथ विवाद में न पड़ें।

### कुंभ

आज दिन परेशानियों वाला रहेगा। स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। शनि की वजह से निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति हो सकती है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा मिल सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### मीन

आज कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें, वरना विवाद हो सकता है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। कुछ मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती हैं। आपको सावधान रहने की सलाह है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहली बार पति-पत्नी साथ विधायक, हिमाचल में उपचुनाव के बाद बना एक और रिकॉर्ड



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में हुए उपचुनाव में इस बार दो रिकॉर्ड दर्ज किए गए। पहली बार पति-पत्नी एक साथ विधायक के रूप में नजर आएंगे। यह भी पहली बार हुआ कि हिमाचल प्रदेश का विधानसभा बिना किसी निर्दलीय सदस्य के नजर आएगा। साथ ही 2022 के विधानसभा चुनाव में 40 सीटें जीतने वाली कांग्रेस ने फिर से 40 का आंकड़ा छू लिया है। देहरा सीट से विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर की जीत ने राज्य में इतिहास रच दिया है। पहली बार कोई पति-पत्नी विधानसभा के सदस्य के रूप में एक साथ नजर आएंगे। इसके अलावा इस उपचुनाव में कोई भी निर्दलीय नहीं चुना गया। यह भी पहली बार हुआ कि हिमाचल प्रदेश का विधानसभा बिना किसी निर्दलीय सदस्य के नजर आएगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में 40 सीटें जीतने वाली कांग्रेस की ताकत फिर से बढ़कर 40 हो गई है। इस साल जून में चार उपचुनाव जीतने के बाद 68 सदस्यीय विधानसभा में 38 सीटों के साथ स्थिर हुई कांग्रेस सरकार और मजबूत हो गई है। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह के निर्वाचित होने से एक रिकॉर्ड कायम हुआ था। संयोग से दोनों सदन के सबसे पुराने और सबसे कम उम्र के सदस्य थे। कांग्रेस की दिग्गज नेता सरला शर्मा और उनके पति परसराम (सीपीआईएम) भी विधानसभा के सदस्य रहे, लेकिन वे कभी भी एक ही सदन के सदस्य नहीं रहे। 1967 में परसराम निर्वाचित हुए, लेकिन कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उनकी पत्नी चुनाव हार गईं। इस जोड़े ने दो अलग-अलग विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा था और 1972 के विधानसभा चुनावों में इसका उलटा हुआ था। 2022 के विधानसभा चुनावों में पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र से चुनी गई भाजपा की रीना कश्यप सदन में अकेली महिला सदस्य थीं, लेकिन कमलेश ठाकुर की जीत के साथ अब महिला सदस्यों की संख्या दो हो गई है।

### शादी की रस्म के बीच दूल्हे की हरकत से गुस्साई दुल्हन, वापस लौटा दी बारात

**उन्नाव, एजेंसी।** उन्नाव में शादी में नशा करना एक दूल्हे को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब दुल्हन ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। मामला औरास थाना क्षेत्र के उटरा डकौली का बताया जा रहा है। शुक्रवार रात द्वारचार के दौरान नशे में धुत दूल्हे के गिरने से वधू पक्ष का पारा गरम हो गया और उसने शादी करने से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मामला थाना तक पहुंच गया। वहां भी जब बात नहीं बनी तो बिना दुल्हन के बारात वापस हो गई। हसनगंज थाना क्षेत्र के सराय मलकादिम गांव के रहने वाले युवक के बेटा की शादी औरास थाना क्षेत्र के उटरा डकौली गांव में तय हुई थी। मुहूर्त लग्न के अनुसार शुक्रवार को युवक अपने बेटे की बारात उटरा डकौली गांव लेकर पहुंचे। जहां कन्या पक्ष के लोगों ने बारातियों का स्वागत सत्कार किया। इसके बाद द्वारचार की रस्में शुरू हुई। इसी बीच द्वारचार की रस्में पूरी करने के लिए दूल्हे को पाटा पर बैठने के लिए कहा गया। नशे में होने से दूल्हा पाटा पर बैठते ही जमीन पर गिर पड़ा। जिससे वहां कन्या पक्ष में कानाफूसी शुरू हो गई। मामला गंभीर होता देख दोनों पक्षों में बात विवाद बढ़ने लगा। तभी कन्या पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर सुलह का प्रयास किया गया। मगर बात नहीं बन पाई। आखिर में दोनों पक्षों ने एक दूसरे को दिया गया नगदी व सामान का आदान प्रदान हुआ और बिना दुल्हन के बारात वापस चली गई।

### हजारों फीट की ऊंचाई से कूदे केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत, लिया स्काइडाइविंग का लुत्फ

**नारनौल, एजेंसी।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को हरियाणा के नारनौल में स्काइडाइविंग में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने आकाश में उड़ते विमान से छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि वह हवाई खेल (एयरो-स्पोर्ट्स) पर्यटन क्षेत्र में भारत का उज्ज्वल भविष्य देख रहे हैं। विश्व स्काइडाइविंग दिवस के अवसर पर मंत्री ने एक विमान को भी हरी झंडी दिखाई। इस विमान का इस्तेमाल स्काइडाइविंग के लिए किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह देश में इस तरह का पहला विमान है। आकाश में रोमांच का अनुभव करने के लिए शेखावत सुबह-सुबह नारनौल हवाई पट्टी पर पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उनकी दोनों बेटियां भी मौजूद थीं। 'टेंडेम स्काइडाइविंग' के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री ने मीडियाकर्मियों के साथ अपना अनुभव साझा किया। 'टेंडेम स्काइडाइविंग' में एक पेशेवर स्काइडाइवर पूरी कवायद के दौरान इसमें भाग लेने वाले व्यक्ति के साथ रहता है। शेखावत ने कहा, ''यह दिन निश्चित रूप से मेरे लिए एक साहसिक दिन है। पूरी दुनिया के लिए यह हवाई खेल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दिन है, जब लोग पहली बार विश्व स्काइडाइविंग दिवस मना रहे हैं। यहां भारत के नारनौल (हवाई पट्टी) में स्काइडाइविंग सुविधा शुरू हो गई है। मैंने आज यहां विमान से छलांग लगाई।

# बंगाल में लगातार तीसरी बार फेल हो गई बीजेपी, पार्टी ने चुनाव में धांधली और पक्षपात के आरोप लगाए

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में लगातार तीसरी बार बीजेपी को झटका लगा है। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को हार का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी को झटका लगा और उसकी सीटें 2019 से भी कम हो गईं। अब चार सीटों पर हुए उपचुनाव में ममता बनर्जी की टीएमसी ने बीजेपी का सूपड़ा ही साफ कर दिया। चारों सीटों पर टीएमसी उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की और वहीं भाजपा दूसरे नंबर पर रही। हालांकि ज्यादातर सीटों पर मार्जिन बहुत था। बीजेपी ने चुनाव में धांधली और पक्षपात के आरोप लगाए हैं और कहा है कि इसकी शिकायत उन्होंने चुनाव आयोग से की थी।



**मानिकताला सीट पर टीएमसी की जीत की वजह :** कोलकाता की मानिकताला सीट पर टीएमसी की सुप्ती पांडे ने 62,312 वोटों से जीत हासिल की है। उन्होंने बीजेपी के कल्याण चौबे को हराया। इससे पहले इस सीट पर पांडे के पति साधन पांडे तीन बार जीत चुके हैं। लगातार 2011, 2016 और 2021 के चुनाव में वह जीते थे। हालांकि इस बार जीत का अंतर भी काफी बढ़ गया है। साधन पांडे के निधन के बाद इस सीट पर चुनाव करवाए गए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि पति की मौत की संवेदना भी सुप्ती पांडे को मिली और उन्होंने बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

**रायगंज सीट पर काम आ गई टीएमसी की रणनीति :** उत्तर दीनाजपुर की रायगंज सीट पर टीएमसी की कृष्णा कल्याणी ने 50 हजार से ज्यादा के अंतर से जीत दर्ज की। वह पहले भी इस सीट पर जीत चुकी थीं। हालांकि पहले वह बीजेपी के टिकट से लड़ी थीं। लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने विधायक के तौर पर अपना इस्तीफा दे दिया था। टीएमसी ने एक बार फिर उन्हें अपना उम्मीदवार बना दिया। इस बार चुनाव में जहां कल्याणी को 86479 वोट मिले तो बीजेपी प्रत्याशी को 36402 वोट ही मिले। ऐसे में यहां पर टीएमसी की रणनीति काम आ गई। जाहिर सी बात ही है कि इस क्षेत्र में कल्याणी की लोकप्रियता रही होगी जिसका फायदा उन्हें एक बार फिर मिला। नादिया की रानाघाट दक्षिण सीट पर टीएमसी के मुकुट मणि अधिकारी ने 39 हजार से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की है। कल्याणी की तरह उन्होंने भी विधानसभा चुनाव के बाद ही टीएमसी जॉइन की थी। हालांकि उन्होंने विधायक के तौर पर इस्तीफा नहीं दिया था। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने विधायक पद छोड़ा। इस चुनाव में उन्होंने बीजेपी के मनोज कुमार को बड़े अंतर से हरा दिया। बागदाह सीट की बात करें तो यहां से टीएमसी की मधुपर्णा ठाकुर ने 33 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। बीजेपी के विनय कुमार विश्वास को उन्होंने हराया है। इस सीट पर बीजेपी विधायक बिस्वजीत दास के इस्तीफे के बाद चुनाव कराए गए थे। ऐसे में यह सीट टीएमसी ने बीजेपी से छीनी है। इस सीट पर टीएमसी ने 2011, 2016 में जीत हासिल की थी। यह क्षेत्र महुआ समुदाय बहुल है। वह पिछले दो चुनावों में बीजेपी का साथ देता था। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भी टीएमसी ने 42 में से 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं बीजेपी के खाते में केवल 12 सीटें गईं। जबकि 2019 के चुनाव में बीजेपी ने 18 सीटें जीती थीं।

**अब क्या है विधानसभा का गणित** इस चुनाव में बीजेपी ने अपनी तीन सीटें गवां दी हैं। वैसे तो उपचुनाव में माना जाता है कि सत्ताधारी पार्टी हावी रहती है। लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि बीजेपी एक सीट भी नहीं जीतपआई। वहीं विधानसभा में तीन सीटें गंवाने के बाद बीजेपी 66 पर पहुंच गई है। 2021 के चुनाव में बीजेपी ने 77 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

**क्यों लगा बीजेपी को बड़ा झटका** बीजेपी अकसर बेहद आक्रामक होकर चुनाव लड़ती है जिसका फायदा भी उसे मिलता है। हालांकि इस चुनाव में बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत नहीं झोंकी। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद बीजेपी का कैडर और कार्यकर्ता सुस्त थे। उनमें बड़े नेताओं ने उत्साह भी नहीं भरा। सुकांत मजूमदार की अगुआई में चुनाव लड़ा गया था और वह अब केंद्र में मंत्री हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने संदेशखाली जैसे मुद्दे उठाए थे लेकिन इस चुनाव में कोई नया मुद्दा नहीं उठाया गया। वहीं टीएमसी को सत्ता में होने का भी फायदा मिला। मुकुट मणि अधिकारी को चुनाव में उतारना टीएमसी के लिए फायदेमंद रहा क्योंकि वह मतुआल बेल्ट से ताल्लुक रखते हैं।

## मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या पहुंचे छत्तीसगढ़ सीएम, भगवान राम के लिए ननिहाल से लेकर आए ये उपहार



**अयोध्या, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया और भगवान राम के ननिहाल से लाया उपहार भी भेंट किया। यह उपहार श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने स्वीकार किया। इसके साथ मुख्यमंत्री सायं का स्वागत करने के साथ राम मंदिर निर्माण की तकनीक से अवगत कराते हुए उन्हें और मंत्रियों को पूरे परिसर का अवलोकन भी कराया। इस दौरान प्रोटोकाल को तोड़कर राम मंदिर में वीवीआईपी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के समक्ष श्रद्धानवत तस्वीरें भी तीर्थ क्षेत्र के मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की गयी। इसके साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव ने हनुमानगढ़ी में भी माथा टेका और मां सरयू का भी अभिषेक कर पूजन किया। दर्शन-पूजन से पहले निर्धारित समय से थोड़ा विलंब से पहुंचे छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है और भगवान राम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए मंत्रिमंडल के साथ यहां आए हैं। उन्होंने बताया कि सौभाग्य की बात है कि भगवान राम ने वनवास के समय करीब दस वर्ष छत्तीसगढ़ के वनों में व्यतीत किया था और वहीं पर माता शबरी के जूठे बेर भी भगवान ने खाए थे। उन्होंने बताया कि हम यहां पूरी तैयारी से आए हैं। शबरी के बेर व सुगंधित चावल सहित अन्य उपहार लेकर आए मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री विष्णु देव ने मीडिया को जानकारी दी कि वह भगवान राम के लिए शिवरीनारायण के बेर-जल, कुशा के वस्त्र व सुगंधित चावल के अलावा अनेक प्रकार के लड्डू भी लाए हैं।

## फोटोशूट के चक्कर में दांव पर लगाई जान, सामने ट्रेन देख रेलवे पुल से 90 फीट गहरी खाई में कूदा कपल

**पाली , एजेंसी।** रील व फोटोशूट की दीवानगी लोगों में इस कदर बढ़ती जा रही है कि वे इसके लिए अपनी जान की परवाह भी नहीं कर रहे हैं और उसे भी दांव पर लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजस्थान के पाली से सामने आया है, जहां एक कपल फोटोशूट कराने के लिए रेलवे पुल पर चला गया, इसी दौरान सामने से ट्रेन आ गई, जिसे देख पति-पत्नी बुरी तरह घबरा गए और दोनों ने 90 फीट गहरी खाई में छलांग लगा दी।

हालांकि अच्छी बात यह रही कि हादसे में दोनों की जान तो बच गई है, लेकिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद पति को जोधपुर रेफर किया गया है, वहीं पत्नी का इलाज बांगड़ अस्पताल में चल रहा है। खास बात यह है कि सामने युवक-युवती को देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने ब्रेक भी लगा दिए थे, जिससे ट्रेन पुल पर पहुंचकर रूक गई थी। यानी अगर ये दोनों वहां खड़े भी रहते तो ट्रेन इनसे नहीं टकराती। लेकिन ट्रेन को करीब आता देख जान बचाने की जल्दबाजी में दोनों ने घबराते हुए पुल से नीचे छलांग लगा दी और घायल हो गए। यह हादसा पाली के गोरमघाट में मीटर गेज ट्रेन के लिए बने हेरिटेज पुल पर शनिवार दोपहर 2 बजे उस वक्त हुआ जब दोनों फोटोशूट करवा रहे थे। इस दौरान युवती के दीदी-जीजा भी मौजूद थे, जो कुछ दूर खड़े हुए थे।

## मैं आरएसएस में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं: पूर्व जज चितरंजन दास

**कलकत्ता, एजेंसी।** कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास ने एक इंटरव्यू में कहा कि किसी को अपनी राजनीतिक पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। वह खुलकर कहते हैं कि वह आरएसएस के सदस्य थे। उन्होंने कहा कि एक जज रहते हुए उन्होंनें संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। जस्टिस दास ने यह भी कहा कि आरएसएस में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है।

बता दें कि जस्टिस चितरंजन अपने फैसलों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक फैसले में कहा था कि महिलाओं को भी अपनी कामेच्छा पर काबू करना चाहिए। उन्होंने कहा था, कमेच्छा पर काबू करना चाहिए क्योंकि क्योंकि कई बार समाज की नजर में महिलाओं को गिरना पड़ता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को लेकर कहा था कि कई बार जजों की टिप्पणी गलत संदेश दे देती है। इसके बाद रिटायरमेंट के वक्त उन्होंने कहा कि वह आरएसएस के सदस्य हुआ करते थे। हालांकि उन्होंने कहा कि किसी पार्टी से उनका संबंध नहीं रहा और किसी भी वजह से उनके फैसले कभी प्रभावित नहीं हुए।

**आरएसएस के बारे में क्या बोले जस्टिस दास**

जस्टिस दास ने कहा कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है। आरएसएस को कई लोग अछूत संगठन मानते हैं लेकिन इस संगठन ने किसी के माइंड वॉश की कोशिश कभी नहीं की। मुझे इसका व्यक्तिगत अनुभव है। आरएसएस लोगों के व्यक्तित्व को निखारता है। यह लोगों को अच्छा नागरिक बनाता है और चाहे कोई प्रधानमंत्री हो, जज या कलेक्टर हो। हर किसी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा



देता है। उन्होंने कहा, यह कोई क्रांतिकारी संगठन नहीं है। इतिहास में पता चलता है कि इंदिरा गांधी को भी आरएसएस की मदद पड़ी थी। चीन से युद्ध के समय भी आरएसएस ने काफी काम किया था। ये चीजें लोगों को बताई नहीं जाती हैं। आरएसएस यही कहता है कि आपको अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहना है। कई लोगों ने गलत जानकारी देकर इस संगठन की छवि धूमिल करने की कोशिश की है।

जस्टिस दास ने कहा की मैं आरएसएस का सदस्य था र इससे मेरा काम कभी प्रभालित नहीं हुआ। एक जज रहते हुए मैं संविधान के प्रति वफादार रहा। आप हमारे कई फैसले देख सकते हैं। आरएसएस आपसे कभी राइट या लेफ्ट में जाने को नहीं कहता है। उन्होंने कहा, कई बार हमारे फैसलों में कांग्रेस और टीएमसी नेताओं को भी राहत मिली। मैंने यह कभी नहीं सोचा कि जो बीजेपी के खिलाफ हैं वे हमारे दुश्मन हैं। हमने कानून के मुताबिक ही सबके साथ व्यवहार किया।

**अभिजीत गंगोपाध्याय पर क्या बोले जस्टिस दास :** अभिजीत गंगोपाध्याय ने लोकसभा चुनाव से पहले वीआरएस लेकर बीजेपी जॉइन कर ली थी। जस्टिस दास ने कहा, इस तरह से जज रहते हुए किसी को राजनीतिक दल में नहीं शामिल होना चाहिए। आरएसएस भीकहता है कि आप जिस पद पर हैं उसकी गरिमा का खयाल रखें। हालांकि बीजेपी में जाना उनकी इच्छा थी, उसपर मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। लेकिन अगर किसी जज को राजनीति में जाने की इच्छा है तो राजनीति से जुड़े मामलों की सुनवाई उसे नहीं करनी चाहिए।

## पूजा खेडकर के लिए नई मुश्किल, अब मेडिकल में एडमिशन पर सवाल, झूठा ओबीसी सर्टिफिकेट जमा कराने का शक

**मुंबई, एजेंसी।** ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ आए दिन चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। अब मेडिकल सीट के लिए दिए गए पूजा खेडकर के सर्टिफिट्स भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। पूजा खेडकर ने 2007 में पुणे के श्रीमती काशीबाई नवाले मेडिकल कॉलेज एंड जनरल हॉस्पिटल में एमबीबीएस में एडमिशन लिया था। उन्होंने यह एडमिशन ट्राइब-3 कैटेगरी के तहत लिया था। कॉलेज डायरेक्टर अरविंद भोरे के मुताबिक पूजा खेडकर ने नॉन-क्रीमी लेयर ओबीसी सर्टिफिकेट जमा किया था। खेडकर ने यह एडमिशन एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट ऑफ अनएडेड प्राइवेट मेडिकल एंड डेंटल कॉलेजेज ऑफ महाराष्ट्रा (एएमयूपीएमडीसी) एंट्रेंस टेस्ट के जरिए लिया था। इस टेस्ट में उनके 200 में से 146 अंक आए थे। नीट लागू हो जाने के बाद एएमयूपीएमडीसी का अस्तित्व खत्म हो चुका है। इसके अलावा पूजा ने महाराष्ट्र कॉमन एंट्रेंस टेस्ट फॉर मेडिकल एडमिशंस के लिए भी प्रयास किया था। लेकिन एएमयूपीएमडीसी में स्कोर ज्यादा होने के



चलते उसे छोड़ दिया था। अरविंद भोरे के मुताबिक यह कॉलेज का पहला बैच था, जब खेडकर ने ज्वॉइन किया था। उन्होंने एनटी-3 कैटेगरी का वंजारी समुदाय का नॉन-क्रीमी लेयर सर्टिफिकेट जमा कराया था। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक भोरे ने कहा कि उस वक्त सभी डॉक्यूमेंट्स जांचे गए थे और गवर्नमेंट में रिकॉर्ड्स में इन्हें सही पाया गया था। पूजा खेडकर का नॉन-क्रीमी लेयर सर्टिफिकेट 2007 में अहमदनगर के पथार्दी सब-डिविजलन ऑफिस से जारी किया गया था। कॉलेज रिकॉर्ड्स के मुताबिक उनका कास्ट और वैलिडिटी सर्टिफिकेट भी इसी ऑफिस से जारी हुआ था। श्रीमती काशीबाई नवाले मेडिकल कॉलेज एंड जनरल हॉस्पिटल के डायरेक्टर अरविंद भोरे ने बताया कि हालांकि उस वक्त पूजा ने कोई दिव्यांगता सर्टिफिकेट जमा नहीं किया था। कॉलेज रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि पूजा ने 10वीं में 83 परसेंट तो 12वीं में 74 परसेंट नंबर प्राप्त किए थे। उसने 2011-12 में एमबीबीएस की डिग्री ली थी। मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने नवाले कॉलेज में इंटर्नशिप की थी। इस दौरान उसे कम्यूनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट में तैनाती मिली। भोरे ने बताया कि यहां पर पूजा व्यवहार अच्छा था और उसने सभी सेमेस्टर आसानी से पास किए थे। उसने अपनी इंटर्नशिप भी समय पर पूरी की थी। ट्रेनी आईएएस पूजा खेड़कर की ऑडी पर 21 चालान, भरनी है इतनी रकम गौरतलब है कि पूजा खेडकर विवादों में घिरी हुई हैं। फैमिली गिफ्ट के अलावा करीब 17 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी होने के बावजूद यूपीएससी में नॉन-क्रीमी लेयर सर्टिफिकेट देने को लेकर उनके खिलाफ जांच चल रही है।

## कोचिंग स्टूडेंट्स की सुरक्षा के लिए मोबाइल ऐप, पैनिट बटन दबाते ही ऐसे मिलेगी सुरक्षा

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान को कोटा में कोचिंग छात्रों के बढ़ते सुसाइड को रोकने की कवायद तेज हो गई है। कोचिंग छात्रों की सुरक्षा के लिए कोटा सिटी पुलिस मोबाइल एप लॉन्च करेगी। इसमें मौजूद पैनिक बटन दबान के बाद चंद मिनट में ही पुलिस छात्र तक पहुंच जाएगी। शनिवार को कोटा सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि सेव अवर सोल (एसओएस) एप का कॉन्सेप्ट आज लॉन्च किया है। इस एप को तैयार किया जा रहा है। यह एप कोचिंग स्टूडेंट के लिए उपयोगी साबित होगा. किसी भी समस्या या परेशानी होने पर विद्यार्थी इस ऐप में मौजूद पैनिक बटन का उपयोग कर सकेगा। जिससे पुलिस को सीधी सूचना मिल जाएगी. विद्यार्थियों से हमने यह कॉन्सेप्ट शेयर किया है। जल्द ही एप तैयार करके उसे भी लॉन्च किया जाएगा।

एसपी डॉ अमृता दुहन का कहना है कि जब कोचिंग स्टूडेंट इस ऐप में मौजूद पैनिक बटन का उपयोग करेंगे, तभी कंट्रोल रूम को इसके सूचना मिल जाएगी। इसके बाद उसकी लाइव लोकेशन के आधार पर पुलिस छात्र तक तत्काल पहुंचेगी। स्टूडेंट से जुड़ा डेटा पुलिस सीधे तौर पर एक्सेस नहीं होगा, जब स्टूडेंट पैनिक बटन का उपयोग करेगा, तभी पुलिस उसका डेटा एक्सेस कर पाएगी. जिससे कि विद्यार्थियों को भी किसी तरह का कोई खतरा या डर नहीं रहेगा।

कोटा पुलिस ने शनिवार को कुन्हाड़ी इलाके में एग्जॉटिका गार्डन में कोचिंग स्टूडेंट से सीधा संवाद किया. इस दौरान कोटा सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन, एडिशनल एसपी मुख्यालय संजय शर्मा सहित सही पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उसके साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी कई समस्याओं को बताया, जिन पर कोटा पुलिस चर्चा करेगी। एसपी डॉ दुहन ने बताया कि विद्यार्थियों की स्थानीय स्तर से लेकर हर तक जहां मूल निवासी है। वहां की समस्याएं भी सामने आई हैं. हम हर समस्या का निदान का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जो भी हॉस्टल, पीजी या कोचिंग में गाइडलाइन की पालना नहीं हो रही है। उनसे भी पालन करवाई जाएगी. एंटी हैंगिंग डिवाइस से लेकर हर नियम की पालना करनी होगी। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोचिंग छात्रों ने हॉस्टल, मैस, कोचिंग और परिवार से संबंधित समस्याएं बताई हैं।

एक-दूसरे को परेशान करने वाले कोचिंग स्टूडेंट के संबंध में जानकारी सामने आई है। इसके अलावा कुछ छात्र-छात्राएं सार्वजनिक तौर पर अपनी समस्या नहीं बता पा रहे थे। उनसे वन टू वन संवाद भी किया गया है. एसपी डॉ. दुहन का कहना है कि आगे भी अन्य इलाकों में इस तरह की संवाद जारी रहेगा।

## अन्नदाताओं को सौगात देने की तैयारी में मोदी सरकार, बजट में बढ़ सकती है पीएम किसान सम्मान की राशि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम बजट के जरिए केंद्र सरकार इस बार किसानों के लिए खजाना खोल सकती है। माना जा रहा है कि सरकार किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने से लेकर कृषि उपकरणों पर सब्सिडी बढ़ाए जाने समेत अतिरिक्त रियायतें देने का भी ऐलान कर सकती है। किसान सम्मान निधि से जुड़े धनराशि को भी बढ़ाए जाने की पूरी संभावना है।

पार्टी से जुड़े संगठन और केंद्र सरकार को समर्थन दे रहे राजनीतिक दल भी चाहते हैं कि सरकार किसानों के हितों में बड़े फैसले ले, जिससे नके बीच स्पष्ट संदेश जाए कि सरकार खेती-किसानी को लेकर गंभीर है। बीते दिनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ समेत अन्य किसान संगठनों ने भी वित्त मंत्री के सामने अपनी मांगों को रखा था। कृषि मंत्रालय ने भी अपनी तरफ से कुछ प्रस्ताव भेजे हैं।

किसान संघ के अध्यक्ष बद्री नारायण चौधरी का कहना है, हमने पहली मांग किसान सम्मान निधि को बढ़ाने की रखी है, क्योंकि सरकार ने वर्ष 2018-19 में किसानों को छह हजार रुपये सालाना देने का प्रावधान रखा। उसके बाद से लगातार महंगाई



बढ़ी है और किसानों की लागत भीद। इसको देखते हुए सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 10-12 हजार रुपये सालाना कर देना चाहिए।

**केसीसी की लिमिट बढ़ने की उम्मीद :** वर्तमान में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर तीन लाख रुपये का ऋण लेने पर सालाना सात प्रतिशत का ब्याज लगता है, जिसमें से तीन प्रतिशत वापस किसान को मिल जाता है। यानी शुद्ध रूप से किसान को चार प्रतिशत की ब्याज पर केसीसी से ऋण मिलता है। महंगाई बढ़ने के साथ कृषि लागत में हुए इजाफे को देखते हुए सरकार तीन लाख की लिमिट को बढ़ाने का फैसला कर सकती है। संभावना है, चार से पांच लाख तक का ब्याज चार फीसदी की दर से देने का फैसला लिया जा सकता है।

**सोलर पंप का बहुपयोगी इस्तेमाल :** देश भर में किसानों को सिंचाई के लिए केंद्र सरकार सब्सिडी दरों पर सोलर पंप मुहैया करा रही है। अलग-अलग किलोवॉट के पंप दिए जा रहे हैं। किसान संगठन चाहते हैं कि सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि सोलर पंप से पैदा होने वाली बिजली का इस्तेमाल चक्की चलाने, चारा काटने और घरेलू उपयोग के लिए भी हो सके। इस पर सरकार भी विचार कर रही है, जिसको लेकर बजट में घोषणा संभव है।

**ज्यादा सब्सिडी या टैक्स दरों में कटौती :** कृषि उपकरणों की खरीद पर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी लगाई जा रही है। किसान संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार कृषि उपकरणों पर लगने वाली जीएसटी को हटाए या फिर किसानों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ दे। जानकार बताते हैं कि सरकार कृषि उपकरणों पर जीएसटी की दरों को कम कर सकती है या फिर ज्यादा सब्सिडी देने का फैसला ले सकती है।

पेरिस ओलंपिक

# पदक का रंग बदलने को बेताब होंगी लवलीना

● अब तक सिर्फ इतने भारतीय मुक्केबाजों ने ही जीते हैं पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की ओर से चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाजों से पदक लाने की उम्मीदें हैं, लेकिन इनमे लवलीना और निकहत पर अधिक दारोमदार रहेगा।

भारत के अन्य एथलीटों की तरह ही भारतीय मुक्केबाज भी पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं। इस बार देश को निकहत जरीन और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन से पदक लाने की काफी उम्मीदें हैं। भारत की ओर से चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाजों से पदक लाने की उम्मीदें हैं, लेकिन इनमे लवलीना और निकहत पर दारोमदार रहेगा।

## अब तक सिर्फ तीन भारतीयों ने जीते हैं पदक

मुक्केबाजी ऐसी स्पर्धा है जिसमें पिछले चार ओलंपिक में से तीन में भारत पदक लाने में सफल रहा है। ओलंपिक मुक्केबाजी में पिछले दो पदक देश की बेटियों मैरीकॉम और लवलीना बोरगोहेन ने दिलाए हैं और इस बार लवलीना के साथ निकहत से बड़ी उम्मीदें लगी हैं। भारत की ओर से मुक्केबाजी में सबसे पहला पदक विजेंद्र कुमार ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में जीता था। उस वक्त विजेंद्र ने पुरुष 75 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। 2012 लंदन ओलंपिक में महिला मुक्केबाजी को भी शामिल किया गया और दिग्गज महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने इतिहास रचते हुए पदक जीता। मैरीकॉम ने भी कांसा अपने नाम किया था। इसके बाद 2016 में देश को इस स्पर्धा में कोई पदक नहीं मिला, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना ने कमाल करते हुए मुक्केबाजी में तीसरा पदक देश को दिलाया। हालांकि, उन्हें भी कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा था।

## निकहत के पास प्रभाव छोड़ने का अवसर

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को तैयारियों के लिए अच्छा समय मिला है। निकहत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और उनके पास ओलंपिक पदक जीतकर खुद को ओलंपिक जैसे मंच पर साबित करने का अच्छा मौका रहेगा। पिछले ओलंपिक में 69 किग्रा में पदक दिलाने वाली लवलीना पेरिस में 75 किग्रा में उतरेंगी। इसी भारवर्ग में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड पदक जीते हैं। जैस्मीन और प्रीति के लिए भी मौका है। पुरुष वर्ग में अमित पंघाल के पास एशियाड विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक हैं। ओलंपिक पदक के लिए वह कोई कसर नहीं रखेंगे। निशांत देव भी अनुकूल ड्रॉ मिलने पर चौंका सकते हैं।

## बारबोरा क्रेजिकोवा बनीं

# नई विंबलडन महिला सिंगल चैम्पियन



**लंदन, एजेंसी।** चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा के रूप में विंबलडन को शनिवार को नई महिला सिंगल चैम्पियन मिल गई। बारबोरा क्रेजिकोवा ने फाइनल मैच में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से मात देकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीत लिया। बारबोरा क्रेजिकोवा विश्व की 32वीं रैंकिंग की खिलाड़ी हैं और उनका सामना सातवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी से हुआ।

लंदन के ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस और क्रिकेट क्लब में खेले गए विंबलडन महिला फाइनल में बारबोरा क्रेजसिकोवा ने शानदार प्रदर्शन किया। क्रेजिकोवा ने पहले सेट में दमदार शुरुआत करते हुए आसानी से जीत हासिल की। लेकिन इटली की उनकी प्रतिद्वंदी जैस्मीन पाओलिनी ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल कर मैच को निर्णायक सेट में ले गईं। हालांकि, निर्णायक सेट में क्रेजिकोवा ने अद्भुत खेल दिखाया और 6-2, 2-6, 6-4 से जीत हासिल कर विंबलडन का खिताब अपने नाम कर लिया। बारबोरा ने इससे पहले 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। इसके अलावा वे दो बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। बारबोरा चेक गणराज्य की पांचवीं खिलाड़ी हैं, जो फाइनल में पहुंची हैं। क्रेजिकोवा ने मैच जीतने के बाद कहा कि, किसी को इस बात पर यकीन नहीं था कि मैं जीत सकती हूं, मुझे भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है। मैं प्रतियोगिता शुरू होने से पहले बहुत अच्छी शेप में नहीं थी, लेकिन अब मैं एक विंबलडन विजेता हूं। वहीं, हार के बाद जैस्मीन पाओलिनी मुस्कराती रहीं और उन्होंने कहा कि फाइनल में होना अविश्वसीय रहा।

मैंने प्रतियोगिता में अपने समय का लुत्फ उठाया। जैस्मीन पाओलिनी विश्व की सातवीं रैंकिंग की खिलाड़ी हैं और वे इस सत्र में लगातार दो बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। ये पाओलिनी के लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन फाइनल में इगा स्वियातेक से हारने के बाद दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था। इसके साथ ही वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली इतालवी महिला खिलाड़ी भी बनीं। उन्होंने अभी तक कोई सिंगल्स ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है।

पेरिस ओलंपिक

# पहली बार कुश्ती में दी गई वरीयता, विनेश नहीं, ये दो भारतीय वरीय खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में वरीयता का फैसला 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप के साथ जाग्रेब और बुडापेस्ट में रैंकिंग श्रृंखला में पहलवानों के प्रदर्शन के आधारित है। कुश्ती प्रतियोगिताएं पांच अगस्त को शुरू होंगी और खेलों के आखिरी दिन 11 अगस्त को समाप्त होंगी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन कुछ ही दिनों में होगा और उससे पहले कुश्ती स्पर्धाओं के लिए वरीय खिलाड़ियों की घोषणा कर दी गई है। यह पहली बार है जब ओलंपिक में कुश्ती में वरीयता दी गई है। भारतीय पहलवान और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल और प्रतिभाशाली पुरुष पहलवान अमन सहरावत को उनके संबंधित भार वर्गों में चौथी और छठी वरीयता मिली है। इसका मतलब है कि इन दो पहलवानों को शुरुआती मुकाबलों में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना नहीं करना होगा। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से होगा। ओलंपिक में वरीयता का फैसला 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप के साथ जाग्रेब और बुडापेस्ट में रैंकिंग श्रृंखला में पहलवानों के प्रदर्शन के आधारित है। अंतिम महिला 53 किग्रा और अमन पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगे।



कुश्ती प्रतियोगिताएं पांच अगस्त को शुरू होंगी और खेलों के आखिरी दिन 11 अगस्त को समाप्त होंगी।

# रिकी पोंटिंग ने दिल्ली कैपिटल्स का कोच पद छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिकी पोंटिंग अगले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कोच नहीं होंगे। वे दिल्ली कैपिटल्स से अलग हो गए हैं। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर दी है।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग पिछले 7 साल से दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच थे। उनके कार्यकाल में दिल्ली कैपिटल्स कभी चैंपियन नहीं बन पाई है। पोंटिंग के जाने के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि टीम के मौजूदा निदेशक सौरव गांगुली को अगले सत्र में मुख्य कोच की भी जिम्मेदारी दी जा सकती है।



दिल्ली कैपिटल्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, आपने सात सालों में टीम को कई चीजें सीखाई। आपके योगदान को शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। पंत की कार एक्सीडेंट के बाद वापसी में रिकी पोंटिंग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पंत की कार एक्सीडेंट के बाद वापसी में रिकी पोंटिंग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**2019 में टीम पहुंची थी फाइनल में:** ऑस्ट्रेलिया के दो बार के वर्ल्ड कप टीम के कप्तान रहे रिकी पोंटिंग 2019 में टीम के मुख्य कोच बने थे। उनके मार्गदर्शन में टीम 2021 में पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। वहीं 2019 और 2020 में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया।

कारगिल विजय दिवस पर

# सीमावर्ती गांव की लड़कियों ने दिखाया दम

**अखनूर, एजेंसी।** 25वें करगिल विजय दिवस के मौके पर भारतीय सेना ने देश के अंतिम सीमावर्ती गांव पल्लनवाला सेक्टर में लड़कियों के लिए एक एयर राइफल और पिस्टल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के दौरान, भाग लेने वाली लड़कियों को हथियार चलाने और निशाना लगाने की बुनियादी बातें सिखाई गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लड़कियों में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना जगाना, साथ ही उन्हें भविष्य में देश की रक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रतियोगिता से पहले सात दिनों की ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें लड़कियों ने निशाना लगाने का अभ्यास किया था। सेना की इस पहल से ग्रामीण लड़कियों में जबरदस्त उत्साह है, जिसके चलते लगभग 50 लड़कियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। एक प्रतिभागी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं सेना की पहल से बहुत उत्साहित हूं। इस कार्यक्रम ने मुझे आत्मविश्वास दिया है और अपने भीतर एक नई प्रतिभा को पहचानने में मदद मिली है।



# वुड दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल



**लंदन, एजेंसी।** तेज गेंदबाज मार्क वुड को वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है।

लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज पर पारी और 114 रन से इंग्लैंड की करारी जीत के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वुड को टीम में शामिल किया गया है। वुड की आखिरी टेस्ट उपस्थिति मार्च में धर्मशाला में भारत के खिलाफ थी और पिछले महीने वेस्टइंडीज में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के लिए खेलने के कारण उन्होंने लॉर्ड्स में पहला टेस्ट नहीं खेला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से बढ़त बनाए हुए है।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के इस चक्र में लॉर्ड्स में इंग्लैंड की जीत सिर्फ चौथी थी क्योंकि उनके 33 अंक और 25 फीसदी अंक प्रतिशत है। वे अंक प्रतिशत के मामले में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के साथ निचले आधे हिस्से में हैं।

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को पदार्पण का मौका दिया, जिन्होंने 12/106 विकेट लिए- जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी नवोदित गेंदबाज द्वारा चौथा सर्वश्रेष्ठ मैच आंकड़ा है। मैथ्यू पॉट्स और अनकैप्ड डिलन पेनिंगटन टेस्ट टीम में इंग्लैंड के अन्य सीम-गेंदबाजी विकल्प हैं।

### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, डिलन पेनिंगटन, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, मार्क वुड

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

# पाकिस्तान को हराकर भारत बना चैंपियन

**बर्मिंघम, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के खिताबी मंच पर युवराज सिंह की कप्तानी में रिटायर्ड भारतीय क्रिकेटरों की पलटन ने पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया है कि अब वो चाहकर भी इसे भूल नहीं पाएगा। इंडिया चैंपियंस ने शनिवार को खेले गए रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब अपने नाम कर लिया। युवराज सिंह की अगुआई में टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और पाकिस्तान के खिलाफ कमबैक करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ ही इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को उसके एक बयान का करारा जवाब दे दिया।



दरअसल, डब्ल्यूसीएल 2024 के ग्रुप स्टेज में हुई भारत-पाकिस्तान भिड़ंत में पाकिस्तान ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस जीत के बाद पाकिस्तानी कप्तान यूनुस खान खुशी में जरूरत से ज्यादा बोल गए थे। यूनुस खान ने कहा था कि भारत को हराकर उन्होंने बदला ले लिया। खान का बदला लेने से यहां मतलब टी20 विश्व कप 2024 में भारत के हाथों पाकिस्तानी टीम को मिली हार से जुड़ा था।

ग्रुप स्टेज में भारत को हराने के बाद पाकिस्तान का अति आत्मविश्वास उन पर हावी होता दिखा। खिताबी मुकाबले में भारत को हल्के में लेते हुए पाकिस्तान चैंपियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 156/6 का स्कोर बनाया। कामरान अकमल (19 गेंदों पर 24 रन) और मकसूद (12 गेंदों पर 21 रन) ने टीम को ठोस शुरुआत दी, लेकिन लगातार विकेट गिरने से टीम बड़ा टोटल सेट करने में विफल रही। शोएब मलिक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, उन्होंने 36 गेंदों पर 41 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

कप्तान यूनुस खान अपनी छाप छोड़ने में विफल रहे और उन्हें इरफ़ान पठान ने 7 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद मिस्बाह उल हक 18 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए, सोहेल तनवीर (9 गेंद पर नाबाद 19 रन) के योगदान ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो, अनुरीत सिंह ने तीन विकेट लिए। विनय कुमार, पवन नेगी और इरफ़ान पठान ने 1-1विकेट लिया।

जवाब में, इंडिया चैंपियंस ने रॉबिन उथप्पा (10) को जल्दी खोने के बावजूद अंबाती रायडू की 50 रनों की विस्फोटक पारी के जरिए टीम ने जीत की नींव रखी। हालांकि, सुरेश रैना के जल्दी आउट होने के बाद पाकिस्तान ने मैच में कमबैक किया। लेकिन रायडू और गुरकीरत सिंह मान (33 गेंद पर 34) के बीच मजबूत साझेदारी ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा। इस जोड़ी के बाद यूसुफ पठान के 16 गेंदों पर 30 रन बनाने से भारत की स्थिति मजबूत बनी रही।

पठान अंतिम ओवर में आउट हो गए। फिर, कप्तान युवराज सिंह ( नाबाद 15) और इरफान पठान ( नाबाद 5) के क्रीज पर रहते हुए भारत ने 19.1 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज की। पाकिस्तान के गेंदबाज अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद भारत को लक्ष्य की ओर बढ़ने से नहीं रोक पाए। आमिर यामीन ने 2, तो सोहेल तनवीर और सोहेल खान ने एक-एक विकेट लिया।

# भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र तथा राज्य सरकारो ने देश में चहुमुखी विकास किया : बृजेन्द्र प्रताप



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित-- 07 जुलाई को भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 03 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। श्री सिंह-ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। 62 वर्षों बाद देश ने किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश देकर स्वीकारोक्ति की है। भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बताई चार जातियां युवा, गरीब, महिला और किसान सहित सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए किए गए कार्यों से विजय मिली है। उन्होने स्थानीय विकास के संबंध मे भी बताया गया तथा कहा कि पन्ना जिले के विकास मे भी कोई कसर नही रहेगी। भाजपा सरकार विकास के लिए संकल्पित है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी आशीष तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे, कमल लालवानी आदि उपस्थित रहे।

## छेड़खानी से परेशान महिला ने की आत्महत्या



**पन्ना।** सिमरिया थाना अन्तर्गत ग्राम गनियारी में मनचलों की छेड़खानी से परेशान एक तेईस वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला ने अपने पांव में लिखकर छेडखानी करने वालो के नाम भी उजागर किये है। उसके बावजूद पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज नही किया है। जिसको लेकर परिजनो ने सिमरिया थाना के सामने दमोह रोड पर चक्का जाम कर दिया तथा पुलिस के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। म्रतक महिला प्रियंका के दो छोटे छोटे बच्चे भी है। फिलहाल अभी तक कोई कार्यवाही न होने से लोगो मे आक्रोश का माहोल कायम है। उधर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# मोटर साइकिल चोर पर पुलिस मेहरबान





### चोर पर पुलिस ने नही किया मामला दर्ज

### फरियादी से कहा मिल गई मोटर साईकिल ले जाओ घर

### आवेदक ने पुलिस अधीक्षक से लगाई कार्यवाही की गुहार

**पन्ना।** जिले के देवेन्द्र नगर थाना प्रभारी चोरो पर मेहरबान है चोरी करने वाले पर बिना मामला दर्ज किये ही छोड देते हैं, तथा जिसका समान मिल गया उससे कहते है घर ले जाओं। इसी संबंध में फरियादी विनोद कोरी ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिये आवेदन मे बताया कि मेरी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 35 एन एफ 9658 12.12.2022 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। जिसके संबंध में मेरे द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी।

लेकिन पुलिस ने उस समय भी कोई रिपोर्ट दर्ज नही की थी। दिनांक 15 जुलाई 2023 को मेरे द्वारा फिर से सूचना दी गई कि यदि मेरी मोटर साईकिल से कोई चोर दुर्घटना करता है तो उसका आरोप मेरे उपर न लगें। जिसकी पाउती भी मेरे पास है। उक्त मोटर साईकिल गत दिवस मेरे द्वारा देवेन्द्र नगर के ही आरोपी अतुल कुशवाहा के घर मे देखी गई, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की उपस्थिती में उक्त मोटर साईकिल को थाना में रखवाया गया तथा आरोपी चोर को भी पुलिस के सुपुर्द किया गया। लेकिन उसके बावजूद देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी को खिलाफ कोई मामला दर्ज नही किया और न ही उसे गिरफ्तार किया। उसे छोड दिया गया तथा मुझसे कहा गया कि तुम भी अपनी मोटर साईकिल घर ले जाओ। फरियादी का कहना है कि बिना किसी लिखा पडी के मेरे द्वारा मोटर साईकिल नही ली गई है तथा संबंधित आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार फरियादी विनोद कोरी द्वारा पुलिस अधीक्षक से लगाई है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन




**पन्ना।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय पन्ना से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में कुल 25 खिलाडीयों ने भाग लिया था। उक्त खेलो मे बैडमिंटन, डिस्कस, जूडो, हैमर, भाला फेंक, योगा में सहभागिता निभाई थी। इस दौरान पन्ना की खिलाडियां ने बेहतर प्रदर्शन किया था तथा विद्यालय का नाम रोशन किया था। उकत खेलों में से 4 खिलाडी राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। जिसमे शिक्षा यादव, अन्डर 14 योगा में अग्नि अवस्थी, बालक अन्डर 19 हैमर थ्रो में, अक्षत तिवारी और लक्ष्य मिश्रा, क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में 3 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल सहित कुल 7 पदक केन्द्रीय विद्यालय पन्ना को प्राप्त हुए। उक्त खिलाडी अब केन्द्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगें। संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया ने खेल शिक्षक दिनेश यादव की मेहनत और लगन के लिए बधाई दी और प्रतिभागी विद्यार्थियों को आगामी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए बेहतर प्रदर्शन हेतु अभी से अभ्यास और कठिन परिश्रम के लिए शुभकामनाएँ दी।

# थोक किराना व्यापारी के मुनीम के साथ चार लाख की लूट

### कार मे तोड़-फोड़ कर बैग छुड़ाकर ले गये लुटेरे

### सलेहा थाना क्षेत्र की घटना



**पन्ना।** सलेहा थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही है, जिसमें अवैध, शराब, गांजा, सट्टा, जुंआ के साथ लूट की घटनाए भी घटित होने लगी है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहोल कायम हो रहा है। इसी प्रकार लूट का बडा मामला सामने आया है। जिसमें एक थोक किराना व्यापारी के मुनीम के साथ चार लाख रूपयो से भरा बैग लुटेरे लूट कर ले गयें है। घटना के संबंध में बताया गया कि राकेश कुमार विश्वकर्मा उम्र 40 साल निवासी रंजोरपुरा जां देवेन्द्र नगर के किराना व्यापारी अनिल तिवारी की थोक किराना दुकान मे मुनीम का कार्य करते थें तथा वह क्षेत्र में किराना समान ले जा कर सप्लाई करते थे, एवं व्यापारीयों से समान का पैसा लेकर आते थें। बीते दिवस 10 जुलाई को चार पहिया गाड़ी बैगनार कार से में देवेन्द्रनगर से सलेहा 2.30 बजे वसूली हेतु आया था तत्पश्चात सलेहा पटना गंज की दुकानों से रूपये वासूल कर काले रंग के बैग में रूपये भरकर सलेहा से वापिस लगभग 8.30 रात्रि में देवेन्द्र नगर वापिस जा रहा था तभी सलेहा से 6 किलोमीटर दूर भिटारी के पास स्पीड ब्रेकर में अपनी कार धीमी की उक्त स्थान में पहले से मोटर साइकिल मैं मौजूद तीन लोगों ने कार के सामने मोटर साइकिल गिरा दी जिससे वें रुक गये। उसी दौरान तीनों अज्ञात लूटेरों ने तीव्रता से आकर कार के दोनों शीशे पत्थर से फोड़ दिये और कार की चाभी निकाल ली तथा मुनीम के साथ मारपीट करते हुए उक्त लुटेरे बैग लेकर फरार हो गये। मुनीम राकेश विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त बैग मे 3 लाख 99 हजार 610 रूपये नगद तथा हिसाब वाली डायरी, पेन, एवं अन्य कागजात छीनकर ले गये तथा वह काली कलर की मोटर साईकिल से सलेहा की ओर भाग गयें। उक्त लुटेरो की उम्र 25 से 30 वर्ष की बताई है। पुलिस ने संबंधित लूट के मामले मे आरोपीयों के खिलाफ लूट की धारा लगाते हुए भारतीय न्याय संहिता 309 (6) के तहत अज्ञात व्यक्तियों के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले मे थाना प्रभारी सलेहा द्वारा विवेचना की जा रही है तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपीयों को पकडनें के लिए टीम गठित कर दी है।

### इनका कहना है

*संबंधित लूट की घटना मे अज्ञात आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीओपी के मार्गदर्शन में दो टीमे गठित की गई है, जल्द ही आरोपीयों को गिरफ्तार किया जायेगा।*

**सरिता तिवारी थाना प्रभारी सलेहा**

## कक्षा बारहवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

### चार घंटे बाद हुआ पोस्ट मार्टम



**पन्ना।** सलेहा थाना अन्तर्गत ग्राम बछरवारा निवासी सूरज वर्मा पिता मनोज वर्मा उम्र 18 वर्ष द्वारा घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार म्रतक कक्षा बारहवीं का छात्र था तथा घर मे रहकर पढाई करता था उसके पिता मनोज वर्मा तथा दादा, दादी बाहर दिल्ली मे मजदूरी करते है तथा उसके साथ एक छोटा भाई एवं छोटी बहन रहते है जो पढाई करते है। घटना के संबंध में छोटी मृतक की बहन ने बताया की तीन बजे से घर से मेरा भाई निकल गया था उसके बाद घर नहीं लौटा व अपना मोबाइल बंद किये था। लेकिन उसके द्वारा घर की परछाई मे ही फांसी लगा ली थी। जिसे बाद मे देखा गया। घटना की जानकारी समाजजनो द्वारा पुलिस को दी गई। तब सलेहा थाना पुलिस घटना स्थल पंहुची तथा लटकते हुए शव को नीचे उतारा गया एवं पंचनामा बनाकर पीएम कराने के लिए स्वास्थ केन्द्र सलेहा ले जाया गया। लेकिन सलेहा में डॉक्टर न होने के चलते बड़ी मुश्किल से चार घंटे बाद देवेन्द्र नगर से डॉक्टर पंहुचने पर पोस्ट मार्टम कराया गया। सलेहा स्वास्थ केन्द्र मे पीएम को लेकर इसी प्रकार की स्थिती आये दिन निर्मित होती है।

# ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष की कुशल छेम जानने पहुंचे मुख्यमंत्री



**पन्ना।** ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. राम गोपाल तिवारी जो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज भोपाल के बंसल हॉस्पिटल में चल रहा है उनको देखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे तथा उन्होने श्री तिवारी की कुशल छेम पूंछते हुए हर संभव सहयोग की बात कही तथा अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दियें है एवं जल्द स्वास्थ होने की कामना की हैं इसके पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मंत्री व पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने भी पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

## स्वा सहायता समूह महासंघ द्वारा आन्दोलन कर सौंपा जायेगा ज्ञापन

**पन्ना।** महिला बाल विकास द्वारा आंगनवाडी केन्द्रो मे साझा चूल्हा के अन्तरगंत स्व:सहायता समूहो के द्वारा भोजन वितरित किया जाता था। जिसमें हजारो महिलाओ को रोजगार मिला हुआ था। लेकिन विभाग द्वारा उक्त व्यवस्था बंद की जा रही है तथा पोषण आहार देने की जिम्मेवारी आंगनवाडी केन्द्रो मे पदस्थ सहायिकाओ को सौपी जा रही है। जिसको लेकर स्व:सहायता समूह की रसोईया बहनो द्वारा 16 जुलाई को एक दिवसीय हडताल का ऐलान किया गया है। तथा इसी दिन प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपा जायेगा। ज्ञात हो कि प्रदेश में 97 हजार 135 आंगनवाडी केन्द्र संचालित हो रहे है।

जिसमें अभी तक समूहो द्वारा पोषण आहार वितरित किया जाता था। लेकिन सरकार द्वारा निर्णय लेते हुए सहायिकाओ को उक्त कार्य की जिम्मेवारी सौपने का ऐलान किया गया हैं जिसको लेकर महिला स्व:सहायता समूह संगटन भोपाल के आवाहन पर ज्ञापन सौपा जायेगा। निर्मला भूरिया मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग

## चंदोरा चौकी प्रभारी सहित तीन के खिलाफ सागर में मारपीट का मामला दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले के पुलिस चौकी मे पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक आनन्द मोहन मिश्रा तथा अन्य तीन के खिलाफ सागर के मोतीनगर थाना में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी आनन्द मोहन मिश्रा एक वैवाहिक कार्यक्रम मे सागर गये हुए थे। इस दौरान कार्यक्रम में तीन अन्य साथियां के साथ उत्पात मचा रहे थें एवं मारपीट भी की गई। जिसको लेकर फरियादिया सरिता दुबे पति देवेन्द्र दुबे की शिकायत पर गोलू दुबे, रामऔतार दुबे, अतुल मिश्रा, तथा आनन्द मोहन मिश्रा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

## नगर पालिका द्वारा खोदी जा रही पाईप लाईनो से सडको के उड़े परखच्चे, निकलना हुआ मुश्किल



**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका द्वारा भरी वर्षात में पाईप लाईन डालने के लिए ठेकेदार के माध्यम से सडको की खोदाई कराई जा रही है। जिसके कारण सड़को पर चलना मुश्किल हो रहा है तथा उक्त सडक में वाहन निकालने से कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। जिससे आम लोगो का निकला मुश्किल हो गया है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 28 में यही स्थिती देखी जा रही है। जहां पर वाहन नही निकल रहे है तथा आम लोगो का चलना मुश्किल हो गया है पाईप डालने के लिए नगर पालिका तथा संबंधित कन्ट्रक्शन कंपनी को वर्षात में दो माह रूकना चाहीए था, लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्ण तरीका से पूरे नगर पालिका क्षेत्र मे मशीनो द्वारा खोदाई का कार्य लगातार जारी है। जिसके चलते आमजन भारी परेशान है। लोगो के घरो में भी पानी भर रहा है तथा सड़को की स्थिती बदतर हो गई है।

## धर्मांतरण के आरोप में युवक के साथ माता-पिता पर एफआईआर

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 22 वर्षीय युवती का धर्मांतरण कराकर दूसरे धर्म के युवक से शादी कराने का दबाव बनाने के आरोप में युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी आदिल खान निवासी भुजवा मोहल्ला और उसके माता-पिता के खिलाफ मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3/4 और 3(5) बीएनएस एक्ट के तहत कायमी कर की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी आदिल खान लगातार युवती का धर्म परिवर्तन कराकर उससे शादी करने का दबाव बनाता था। जब परिजन राजी नहीं हुए तो आरोपी युवती के साथ गायब हो गया। पुलिस के मुताबिक 9 जुलाई को युवती के परिजन की शिकायत पर संबंधित थाने में गुमसुदगी भी कायम है।

## गांजा का अवैध रूप से विक्रय करने वाले दो आरोपियों को दो वर्ष का कठोर कारावास, पच्चीस हजार का अर्थदण्ड

**पन्ना।** गांजा का अवैध रूप से विक्रय करने वाले दो आरोपी को दो वर्ष की सजा से माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित किया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी ने बताया कि घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 08.08.2019 को उपनिरीक्षक निरंकार सिंह ने इस आशय की देहाती नालसी लेख किया कि दिनांक 08.08.2019 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के जिनकी उम्र करीब 25-26 साल है, बिना नम्बर की बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल की डिग्गी में गांजा लेकर दुरेहा होते हुए पवई तरफ जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु हमराह बल एवं गवाह के रवाना होकर वन बैरियल सेल्हा पहुंच कर दुरेहा तरफ से आने वाले दो पहिया वाहनों पर निगाह बनाये रखा। 15:00 बजे मुखबिर की सूचना अनुसार बिना नम्बर की बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल में दो लोगों के बैरियल आने पर उन्हें रोका। एवं उनके कब्जे से गांजा बरामद किया गया। आरोपीयों ने लक्ष्मण प्रसाद सिंगरोल तथा समरजीत कोल दोनो निवासी देवगुना थाना जसो जिला सतना का होना बताया। उक्त मामले मे आरोपीयों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया तथा प्रकरण न्यायालय में भेजा गया।

न्यायालय द्वारा समस्त दस्तावेज एवं साक्षी को देखते हुए आरोपीयो को दो वर्ष के कठोर कारावास एवं पच्चीस हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त सजा माननीय न्यायधीश इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायालय द्वारा दी गई है। उक्त मामले मे सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभीयोजक द्वारा पैरवी की गई है।

## बराछ पुलिस चौकी मुख्यालय में चोरो ने बोला धावा, नगदी जेवरात सहित लाखो को माल ले गये चोर

**पन्ना।** जिले कें कोतवाली थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी बराछ मुख्यालय में बीति रात्रि चोरो द्वारा ताला तोडकर भारी मात्रा में नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला प्रकाश मे आया है। जानकारी के अनुसार फरियादी राजेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष ने पुलिस चौकी में आवेदन देते हुए बताया कि, बीति 10-11 जुलाई की रात्रि वह अपने घर में सोये हुए थे तथा कूलर, पंखा चल रहे थें। उसी दौरान चोरो ने घर के अन्दर घुसकर बगल के कमरो को ताला तोडकर नगदी एवं आभूषण चोरी कर लियें है।

# एक ही वर्षात में बह गया ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग का पचास लाख का पुल



**पन्ना।** पन्ना जिले मे भ्रष्टाचार चरमसीमा मे चल रहा है। निर्माण कार्यो के लिए आने वाली शासकीय राशि का व्याप्क स्तर पर दुपर्याग हो रहा है तथा फर्जीवाड़ा एवं अधिकारीयों, ठेकेदारो के बीच बन्दर बाट चरमसीमा पर चल रही है। इसी का परिणाम है कि कोई भी निर्माण कार्य बनने के कुछ दिन बाद ही उसके परखच्चे उड जाते है। ग्रामीण विकास विभाग मे सबसे अधिक फर्जीवाड़ा चल रहा है। इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिलहा, सिंमरी के बीच विभाग द्वारा बनाये गये पुल निर्माण में देखने को मिला है। उक्त पुल का निर्माण अभी हाल ही में दो माह पूर्व ग्रामीण यांत्रकीय विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया था। जो पूर्व से ही गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य किया गया था तथा पुल पूर्व से ही बहुत नीचा एवं उंचाई कम की गई थी तथा पुल के दोनो ओर सिर्फ कच्ची मिट्टी डालककर प्लैन्थ किया गया था। जिसके कारण एक ही वर्षा में दोनो तरफ से कटाव हो गया तथा रास्ता में आना जाना बंद हो गया। दर्जनो ग्राम के लोगो का निकलना मुश्किल हो गया है। कार्य का निर्माण सहायक यंत्री धीरज चौधरी की देखरेख में ठेकेदार के माध्यम से किया गया था। स्थानीय लोगो ने पुल बनते समय ही आपत्ति जताई थी। लेकिन उसके बावजूद गुणवत्ता में कोई सुधार नही किया गया। जिसकी पोल पहली वर्षात में ही हो गई। इसी प्रकार जिजगांव ग्राम पंचायत अन्तर्गत मडियाराव ग्राम के पास इसी विभाग द्वारा बनाये गये पुल की स्थिती देखी गई है। बताया जाता है कि उक्त पुल भी इसी ठेकेदार द्वारा बनाया गया है। ग्रामीण यांत्रकीय विभाग पन्ना में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है। विभाग मे पदस्थ कार्यपालन यंत्री वर्तमान समय मे पन्ना जिले मे कार्यपालन यंत्री के साथ साथ दमोह जिले मे कार्यपालय यंत्री एवं हटा मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार देख रहे है। ऐसी स्थिती मे गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कैसे संभव होगें। जब निर्माण कार्यो की मानीटिरिंग करने वाला ही कोई नही होगा। अधिकारीये को सिर्फ अपने कमीशन से लेना देना है, उन्हे गुणवत्ता पूर्ण कार्य से कोई सारोकार नही है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले मे दोषीयो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, सोमवार 15 जुलाई 2024




उप मुख्यमंत्री ने अपने रीवा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस राजनिवास में आमजनों की समस्यायें सुनी। उन्होंने इस अवसर पर कलेक्टर सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये।



## विद्यार्थियों को आधुनिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिलेगी : उप मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया शुभारंभ

**रीवा।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 55 जिलों में संचालित होने वाले प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। रीवा जिले के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय एवं मऊगंज जिले के शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में शुभारंभ हुआ।





शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षा के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आधुनिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा विद्यार्थियों को दी जायेगी। आत्मनिर्भर भविष्य की ओर मूल्य आधारित शिक्षा से प्रदेश के युवा कौशलवान बनकर अपना बेहतर कल गढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आईआईटी के सहयोग से कोर्स संचालित होंगे तथा अन्य सभी शैक्षणिक संसाधन भी उपलब्ध होंगे जिसका लाभ युवा पीढ़ी को मिलेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। संस्कारित होने से संवेदनशीलता व विनम्रता आती है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण रोजगारोन्मुखी शिक्षा से युवाओं को रोजगार देने वाले संस्थान स्वयं ही महाविद्यालय में आकर रोजगार देंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प से देश व प्रदेश में मजबूत अधोसंरचना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना का विकास नई पीढ़ी के लिए सौगात है। नई शिक्षा नीति युवाओं के लिए उन्नति के सभी मार्ग खोलने का सशक्त माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सर्व प्रथम मध्यप्रदेश में ही नई शिक्षा नीति लागू की गयी थी। श्री शुक्ल ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया तथा कहा कि यदि कोई इस लत में पड गया है तो उसके सुधार के लिए मददगार बने। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में इससे पूर्व विज्ञान संकाय की शिक्षा दी जाती थी। अब प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस हो जाने से यहां आर्ट व वाणिज्य संकाय में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी इस कालेज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आश्वस्त किया की प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के तौर पर उन्नयित हो रहे महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दिये जाने का पूरे मनोयोग से प्रयास होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने फीता काटकर एवं शिला पट्टिका का अनावरण कर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यावन में वृक्षारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मिलने वाली बस सेवा का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रबोध व्यास, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, सदस्य कमलेश सच्चदेवा, विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि , प्राध्यापक, अधिकारीगण तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारतेन्दु मिश्र एवं डॉ. आरती तिवारी ने किया।

## दस्तक अभियान में लगाये जा रहे हैं शिविर

**रीवा।** जिले भर में 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पाँच साल तक की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर रही हैं। जाँच के दौरान डायरिया, निमोनिया, एनीमिया से पीड़ित, जन्मजात विकृति एवं कम पोषित बच्चों का चिन्हांकन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण और विटामिन ए का घोल पिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के दौरान चिन्हित बच्चों के उपचार के लिए सभी विकासखण्डों में दो-दो स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन शिविरों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

शिविरों में पर्याप्त दवाओं के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों के दल तैनात करें। आज 15 जुलाई को सीएचसी नईगढ़ी, मऊगंज विकासखण्ड के पीएचसी ढेरा तथा सीएचसी रायपुर कर्चुलियान में शिविर लगेंगे। इन शिविरों में शिशु रोग विशेषज्ञ, आरबीएसके की टीम तथा अन्य तकनीशियन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## उप मुख्यमंत्री ने भैरवबाबा मंदिर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ स्थित भैरवबाबा मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया तथा त्वरित गति से कार्य को अंतिम रूप देते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने भैरवनाथ के दर्शन भी किये। इस अवसर पर इंजी. विवेक दुबे, राजेश पाण्डेय एवं कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा, 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा में न्यायालय ने शादी का झांसा देकर विधवा महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को साक्ष्यों के आधार पर 10 साल की सजा और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

रीवा के रहने वाले दीपक कुमार शुक्ला ने फेसबुक के जरिए एक विधवा महिला से दोस्ती की। कुछ समय बाद उसने महिला को शादी का झांसा देकर 9 फरवरी 2022 को रानी तालाब मंदिर में मिलने के लिए बुलाया। वहां पहुंचने पर उसने महिला की मांग में सिंदूर भर दिया और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। महिला ने शादी के लिए कहा तो उसने इंकार कर दिया।

इस घटना के बाद पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश पदमा जाटव ने इस मामले की सुनवाई की। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर उन्होंने आरोपी दीपक कुमार शुक्ला को 10 साल की सजा और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच हुई कविता प्रतियोगिता का आयोजन

**रीवा।** लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी अंग्रेजी भाषा की दक्षता को निखारना था। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिसमें पर्यावरण, दोस्ती, परिवार और जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच हुई अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता के अवसर पर निदेशक डॉ. गायत्री शुक्ला ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज के इस उल्लासपूर्ण और प्रेरणादायक आयोजन में आप सभी का हार्दिक स्वागत है। हमारे प्यारे बच्चों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ इस अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में भाग लिया है, वह वास्तव में सराहनीय है।

## नगर निगम के सभी पार्षद अपने वार्डों में सघन वृक्षारोपण करायें

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम के सभी पार्षदों से अपेक्षा की है कि वह अपने वार्ड में सघन वृक्षारोपण कर शहर को हरा-भरा बनाने में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड के हरा-भरा हो जाने से ही रीवा शहर हरीतिमायुक्त होगा। सड़कों के किनारे, खाली जगहों, पार्कों तथा अपने घर के आसपास लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें तथा उनके संरक्षण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जयंती कुंज में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने पार्षदों से कहा कि उनके वार्ड में स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ करायें तथा उसकी गुणवत्ता पर नजर रखें। उन्होंने आश्वस्त किया की वार्डों में आवश्यक कार्यों के लिए अतिरिक्त धन राशि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होंने वार्ड पार्षदों से कहा कि अतिआवश्यक कार्यों की सूची बनाकर दें ताकि उसके लिए पर्याप्त धन राशि की व्यवस्था हो सके। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड पार्षदों की समस्यायें भी सुनी। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कमिश्नर नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, वन मंडलाधिकारी अनुपम शर्मा एवं नगर निगम के वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।



## उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में गौशाला निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में जिले में गौशाला निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करायें तथा जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ करायें। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में शेष निर्माण कार्यों को अगस्त माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आगामी दिनों में कार्यक्रम प्रस्तावित है अतः सभी निर्माण कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण हो जाय। श्री शुक्ल ने जिले के अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी गौवंश वन्य विहार निर्माण के कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश बैठक में दिये। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे उपस्थित रहे।



## साक्ष्य प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि आज

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि श्री बुद्धसेन कोल द्वारा नियुक्ति के संबंध में शिकायत की गई थी। शिकायत की जाँच दल द्वारा कराई गई। जाँच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में पक्ष व साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह आगामी 15 जुलाई को शाम 4 बजे तक उनके समक्ष उपस्थित होकर पक्ष व साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि व समय के बाद प्रकरण में कोई भी साक्ष्य और आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए जनपद पंचायत नईगढ़ी में रोजगार मेले का आयोजन आज

**रीवा।** एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत नईगढ़ी में 15 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले में 19 वर्ष से 40 वर्ष आयु के 10वीं कक्षा पास/फेल 167.5 सेंटीमीटर ऊंचाई के युवा शामिल हो सकते हैं। संस्था द्वारा 350 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करने तथा चयनित होने के पश्चात प्रशिक्षण का व्यय 10 हजार रूपये प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली पर स्वयं करना होगा।

## उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की समस्यायें सुनी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस राजनिवास में आमजनों की समस्यायें सुनी। उन्होंने इस अवसर पर कलेक्टर सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा

**रीवा।** सीटू के राष्ट्रीय आह्वान पर देश भर में ''मांग दिवस'' मनाया गया एवं देश के प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा उसी क्रम में रीवा में भी मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रे.यूनियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन, सीमेन्ट मजदूर एकता यूनियन, कन्टरजैन्स लेवर यूनियन का नेतृत्व करते हुए सीटू के महासचिव सैरभ मिश्रा, सहायक महासचिव विनय तिवारी, सचिव अमित सोहगौरा, कोषाध्यक्ष वीरेश पाण्डेय ने सिरमौर चौराहा से एक रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर चारों काली श्रम संहिताएं वापस लेने सहित अन्य 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर रीवा के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित भेजा। ज्ञापन में मांग की गई है कि चारों काली श्रम संहिताएँ (लेबर कोड्स) खत्म किए जाएं, दवा प्रतिनिधियों सहित सभी श्रमिकों के लिए 26000/- प्रतिमाह न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए, काम के घंटे बढ़ाने के लिए किए गए वैधानिक संशोधन रद्द किए जाए, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम पेंशन 9000/- प्रति माह या उससे अधिक सुनिश्चित किया जाए, फिक्स्ड टर्म अपॉइंटमेंट की अधिसूचना को रद्द करते हुए सभी श्रमिकों के लिए नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी पेंशन योजना, एम्पलाइज डिपाजिट लिंक इंश्योरेंस का बकाया न चुकाने वाले नियोक्ताओं पर दंडात्मक शुल्क कम करने वाली अधिसूचना रद्द की जाए, आई.टी.और आई.टी.ई.एम.को श्रम कानून से छूट देने वाली अधिसूचना रद्द की जाए, योजना कर्मियों तथा अन्य को श्रमिक के रूप में मान्यता देते हुए उन्होने न्यूनतम वेतन व पेंशन इत्यादि सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए, न्यूनतम वेतन के परिपेक्ष्य में मध्य प्रदेश सरकार हाईकोर्ट से स्थगन समाप्त करने हेतु मुस्तैदी से अपना रक्ष रखे, सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएं, दवा एवं अन्य विक्रय संबर्धन में लगे कर्मियों हेतु 8 घंटे के काम की घोषणा कर उसे सख्ती से लागू किया जाए, जिन नियोजनों में न्यूनतम वेतन लागू है वहां 8 घंटे के कार्य दिवस पर आधारित न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाय, दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों हेतु गठित त्रिपक्षीय समिति की बैठक बुलाते हुए सभी दवा एवं विक्रय प्रतिनिधियों हेतु सामान कार्य नियमावली को लागू किया जाए।

## बंदरिया मुक्ति धाम में किया गया पौधारोपण

**रीवा**

निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने दिनांक 14/07/2024 को नगर के बंदरिया मुक्ति धाम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान आयुक्त ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया, जो मुक्ति धाम की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। आयुक्त ने बताया कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। अभियान को सफल बनाने के लिए आयुक्त ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने-अपने क्षेत्रों में पौधारोपण करें। इसके साथ ही, उन्होंने मुक्ति धाम में आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिए। जिनमें अंतिम संस्कार के लिए 10-12 स्थान चिन्हित कर शेड निर्माण, जिससे अंतिम संस्कार के समय लोगों को सुविधाजनक स्थान मिल सके एवं बच्चों के शव दफनाने के स्थान पर पेवर ब्लॉक से पाथवे निर्माण के निर्देश भी दिए गए, ताकि वहां पहुंचना सुलभ हो सके और यह स्थान भी व्यवस्थित बने। पूर्व में बने शेड में पानी भरने की समस्या को देखते हुए उसकी मरम्मत के निर्देश भी दिए गए, आयुक्त ने शव नहलाने के स्थान का भी निरीक्षण किया, जो नदी किनारे हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाया गया था। इस स्थान को तोड़ दिया गया है, लेकिन अब इसे पुनः निर्माण करने की बात कही इसके लिए संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर जल्द से जल्द यह कार्य पूरा करने निर्देश दिए। इसके अलावा, आयुक्त ने सब्जी मंडी का भी दौरा किया और वहां की गंदगी की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि रात्रि में सफाई और सुबह कचरा उठाव अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833